અનુક્રમ

1.	पंचामृत	प्रिय स्वजन	.....	०२
2.	अवसर आंगणिये	महावीर की अंतिम वाणी Non-Stop 48 hours देशना (राता महावीर – राजस्थान)	.....	०३–०९
		जिनमार्ग Trekking	.....	०९–११
3.	अहेवाल	(1) गुरुपूर्णिमा	.....	१२
		(2) प्रजापिता ईश्वरीय विश्व विद्यालय ब्रह्माकुमारी'स Mount Abu द्वारा आयोजित Conference में पूज्य गुरुदेव को संत स्वरुप सादर आमंत्रण	.....	१३–१७
		(3) SPARC Wing Conference – पूज्य गुरुदेव पंकजभाई को ब्रह्माकुमारी'स से Conference मे as a Spiritual Scientist निमंत्रण	.....	१७–१९
		(4) 'परम सुख जीवन विकास केन्द्र'की एक नयी सिध्धी – नया अभियान स्कूल/कॉलेज के विद्यार्थीओंकी Special शिबीर, रानी गाँव – वरकाणा (राजस्थान)	.....	२०–२३
		(5) श्री चैत्री नवरात्रि आराधना श्री नवपद साधना with श्री सिध्धचक्र महायंत्र पूजन	.....	२४–२७
		(6) नमस्कार महामंत्र योग The Science of Divine Living (मीरा रोड, मलाड, डोंबिवली)	.....	२८
4.	अनुभव का अत्तर	(1) महावीर की अंतिम वाणी Non-Stop 48 hours देशना (राता महावीर – राजस्थान)	.....	२९
		(2) जिनमार्ग Trekking	.....	२९–३०
		(3) श्री चैत्री नवरात्रि आराधना श्री नवपद साधना with श्री सिध्धचक्र महायंत्र पूजन	.....	३०–३१
		(4) 'परम सुख जीवन विकास केन्द्र'की एक नयी सिध्धी – नया अभियान स्कूल/कॉलेज के विद्यार्थीओंकी Special शिबीर, रानी गाँव – वरकाणा (राजस्थान)	.....	३१
10.	आगामी कार्यक्रमो की रुपरेखा		.....	३२–३३
11.	प्रभुवाणी (English)	Scientific Practical Divine Lifestyle Educational Training	.....	३४
11.	प्रभुवाणी (हिन्दी)	Scientific Practical Divine Lifestyle Educational Training	.....	३५
12.	जिज्ञासा आपकी – जवाब प्रभुके	सत्संगीओ के प्रश्नो के जवाब	.....	३६
	જિજ્ઞાસા તમારી – જવાબ પ્રભુના	**સત્સંગીઓના પ્રશ્નોના જવાબ**	.....	૩૭
13.	सत्तसंग - परम आनंद परिवार	भगवद् गीता और मेरा जीवन	.....	३८
	સત્સંગ – પરમ આનંદ પરિવાર	**ભગવદ્ ગીતા અને મારું જીવન**	.....	૩૯
14.	ANNUAL ACTIVITIES		.....	४०–४३
15.	VISION 2025		.....	४३–४४

આગામી કાર્યક્રમની રૂપરેખા

આગામી કાર્યક્રમની વિસ્તૃત રૂપરેખા માટે જુઓ Page No. 32 to 33

શુભેચ્છક : जिंदगी उन लोगो के लिए आसान नही पर दिलचस्प है, जो परिवर्तन का सपना देखता है ।

प्रिय स्वजन,

''मधुबन खुशबु देता है, सागर सावन देता है,
जीना उसका जीना है, जो औरो को जीवन देता है.....।''
''प्यार बाँटते चलो.... हाँ प्यार बाँटत चलो,
हर वस्तु, व्यक्ति, परिस्थिती, जीव, परमाणु को
प्यार बाँटते चलो....।''

भगवान महावीरने भी यही किया । जीव मात्र को प्यार (प्रेम) बाँटते गए और मुक्त होते गए । हमे भी यही काम करना है । जीव मात्र के साथ प्रेम संबंध बाँधना है । हर क्षण Smile में रहना है । Smile में रहने के लिए भगवान के साथ Connect होना है । इसलिए हमें हररोज सुबह उठकर प्रभुकृपा करनी है और फिर तीन निर्णय लेने है ।

(1) It is a wonderful Day... आज का दिन अद्भूत है ।

(2) Come what may I will Enjoy... कुछ भी हो जाए मैं आनंद में रहुँगा ।

(3) Come what may I will Smile... कुछ भी हो जाए मैं हंमेशा हसता रहुँगा ।

Thank you, God Bless You – तीन महान हस्ति परम गुरु, माता–पिता और सद्गुरु को कहेना है । सारे जगत को महावीरने बिना कारण का प्रेम करना बताया है । और हमें भी बिना कारण प्रेम करना है । दिल का उपयोग करके जीवन को आनंदमय बनाना है ।

आनंदमय जीवन बनाने के लिए प.पू. गुरुदेवने नया अभियान छेडा है... **''जीवे जीवे अरिहंत नाद..... हर जीव के साथ मैत्री''** इसलिए **'परम सुख जीवन विकास केन्द्र'** द्वारा **प.पू. पंकजभाई** के सानिध्य में अलग अलग शहर और नगर में आनंदमय जीवन के विकास की अद्भूत शिबीर और घर–घर में Celebration सत्संग का आयोजन किया जाता है । आप सभी अपने शहर और घर पर ऐसा आयोजन करवाके जीवन में हंमेशा आनंद मे रह सकते है और प्रभु की असीम असीम कृपा पाकर प्रभु के साथ जुड़ सकते है । आनंद में रहने का नया अवसर.... **महाशिवरात्री – ''जीव से शीव (सिद्ध पद) की यात्रा''** का अवसर आ रहा है... । अवश्य जुड़ना ।

Date : 13, 14, 15 February, 2018

आपका प्रिय मित्र
नमो जिणाणं ।

નમ્ર નિવેદન

'નમો જિણાણં' મેગેઝીનના આ અંકથી લવાજમ લેવામાં આવશે. જે શિબિરાર્થી / સત્સંગી ભાઈ–બહેનોને આ મેગેઝીન રેગ્યુલર મળે એવી ઇચ્છા હોય તો **આજીવન સદસ્યના રૂ. ૧૫૦૦/–** સાથે આપના સેન્ટર સંચાલકને તમારું નામ, સરનામું તથા ફોન નંબર લખી આપવા વિનંતી. (Subscription Form to be filled & send with Amount).

98698 62373, 98690 52507, 98331 33266, 98202 12816

परम सुख HELPLINE 24 x 7

MISSED CALL NO. → **09920202756** **9920203965** ← WHATS APP NO.

जीवन की किसी भी समस्या के उपाय और AUDIO CD/VIDEO CD या MAGAZINE, POSTER के लिए उपर बताए हुए नंबर पर संपर्क करें । यह सेवा २४ घंटे और सातो दिन उपलब्ध है ।

નમો જિણાણં
The Science of Divine Living
(ત્રિમાસિક પત્રિકા)
અંક : ૩૮, વર્ષ : ૨૦૧૮
તા. : ૧૦, જાન્યુઆરી – ૨૦૧૮
મુલ્ય: ૩૦.૦૦ રૂપિયા

મુદ્રક :
ગોગરી ઓફસેટ પ્રિંટર્સ

માલિક અને પ્રકાશક :
પરમ સુખ જીવન વિકાસ કેન્દ્ર (મુંબઈ)

E-mail : enquiry.namojinanam@gmail.com
Website : www.namojinanam.org

શુભેચ્છક :

Life मे जो तुम दूसरों को देते हो वही तुम्हे लौटकर मिलता है ।

महावीर की अंतिम वाणी Non-Stop 48 hours देशना (राता महावीर – राजस्थान)

आज से 2600 वर्ष पूर्व, **प्रभु महावीर** ने अपने निर्वाण का समय नजदिक आ गया है यह जानकर सहज करुणा और सर्व जीव के साथ मैत्री के भाव तरंग की बर्षा कर 16 प्रहर (48 घंटे) सतत् देशना दी..... महावीर की अंतिम वाणी – जैन साहित्य में उत्तराध्ययन सूत्र में गठीत की गई है । प्रभु का यह कैसा मैत्री भाव सभी जीवो के लिए..... ? कि मैं तो मुक्त हो रहा हूँ.... किन्तु दुसरे सर्व जीवों को मुक्ति के राह पर छोड़ता जाऊँ.... कितनी उत्कृष्ट भावना, हित कल्याण की भावना....!

''सवीजीव नी हित भावना तुज हृदयमां जे पांगरी,
तेना प्रभावे समवसरणमां चमत्कृति जे पांखरी....''

'सवी जीव करुं प्रेमरसी' मात्र यह एक भावना का रटन और दोहन एक साधारण जीव को तीर्थंकर पद तक ले जाता है....।

हर जीव के लिए प्रभु ने करुणा की है । साक्षात् महावीर की अंतिम वाणी को सुनकर, उन्होंने जो मार्ग – रास्ता बतलाया है... उस पर यथार्थ रुप से चलेंगे तो ही हम महावीर के संतान कहलायेंगे....।

यही लक्ष्य को ध्यान में रखकर, **'परम सुख जीवन विकास केन्द्र'**ने आज से पाँच वर्ष पूर्व एक ऐतिहासिक अदभूत् परम्परा का अविष्कार किया । वर्ष 2012 में **प.पू. गुरुदेव श्री पंकजभाई** के प्रत्यक्ष सानिध्य मे, पावापुरी तीर्थ निर्वाण भूमि – जहाँ भगवान महावीरने अंतिम देशना दी थी.... उस पावन भूमि पर 16 प्रहर देशना, प.पू. गुरुदेवने अपने श्री मुख से प्रकाशी थी । यह यात्रा प्रवास न होकर बल्कि अद्भूत आत्मविकास की यात्रा बन गई । पाँच वर्ष से इस तरह दिवाली पर्व दरम्यान अलग अलग तीर्थ भूमि पर Non-Stop 48 घंटे की देशना – महावीर की अंतिम वाणी का आयोजन प.पू. गुरुदेव श्री पंकजभाई के सानिध्य में सफलतापूर्वक हो रहा है। इस वर्ष यह आयोजन **राजस्थान, हथूंडी – राता महावीर तीर्थ** में किया गया था । ता. 16-10-2017 से ता. 26-10-2017 – 10 दिवस के इस यात्रा प्रवास में जुड़ने के लिए सभी को प्रेरणा की गई थी ।

ता. 16-10-2017 को दोपहर एक बजे मुलुण्ड से और सायन से स्लीपर बस द्वारा 65 लोगो ने इस यात्रा प्रवास के लिए राजस्थान की ओर प्रयाण किया । बस में गीत–संगीत–स्तवन गाते हुए रास्ता काट रहे थे । दुसरे दिन दोपहर को 3.00 बजे राता महावीर तीर्थ पहुँचे । प्रवास की थकान थी, किन्तु मंजिल पर पहुँचने का आनंद भी था । Fresh हो कर, भोजन आदि कर के सभी 'हॉल' की ओर पहुँच रहे थे । इस तीर्थ का प्रांगण बहोत ही सुंदर था । नयनरम्य सुंदर देहरासर, समवसरण मंदिर, विशाल प्रांगण, शांति और दिव्य वातावरण का अनुभव करते हुए उत्साहपूर्वक 'हॉल' को सजाने के लिए देव–देवियाँ (सेवक) पहुँच चुके थे । भावविभोर हो कर प्रभु की स्थापना कर, सभी 'हॉल' को सजाने में मशगुल हो गए थे । कोई प.पू. गुरुदेवजी के बैठने की पाट को सजाने में, कोई दरवाजे पर तोरण बांधने में, कोई रंगोली बनाने में, कोई पताका लगाने में, तो कोई दिपक प्रकटाने में मशगुल थे । लगभग 3 से 3.30 घंटे के पश्चात् हॉल, हॉल न रहकर समोवसरण बन चुका था और गुरुदेव ने भक्ति रस से उस में जान ड़ाल दी थी। एक जीवंत तीर्थ बन गया था... सुबह ब्रम्ह मुहूर्त में प्रभु वाणी सुनने की उत्कंठा के साथ सभी अपने अपने आवास में निंद्राधीन हुए ।

1st Session – सुबह 4.00 बजे (ता. 18-10-2017 आसो वद 14)

ब्रम्ह मुहूर्त – सुबह 4.00 बजे.... कुदरत की अद्भूतता का आनंद लेते हुए सभी श्वेत वस्त्र धारण कर, भगवान की वाणी को सुनने के लिए राता महावीर के समवसरण में पधार रहे थे । प्रभु के दर्शन करके, प.पू. गुरुदेव के चरण स्पर्श करके सभी आसनस्थ हुए । प.पू. गुरुदेवने वर्तमान तीर्थंकर श्री सीमंधर स्वामी की कृपा लेकर, वीर प्रभु के अंतिम समवसरण के वातावरण का वर्णन करते हुए कहा कि पावापुरी नगरी में, प्रभु की वाणी सुनने के लिए सभी नर और नारियाँ आ रही थी । हजारो की संख्या में मनुष्य, तिर्यंच, देव–देवियाँ सभी प्रभु की परावाणी को प्राप्त करने के लिए आ रहे थे । 2600 वर्ष पूर्व के उस दिव्य समय मे सभी की भावधारा पहुँच रही थी । प्रभु को संबोधित करते हुए प.पू. गुरुदेव ने गीत छेडा.....

''हे वीर मारा नयनमा, प्रभु जोगी थईने आवजो
हे वीर मारा जीवनमा, प्रभु रसधार थईने आवजो
हे वीर मारा, करुणानीर, अनराधार थईने वरसावजो ।''

संगीत का सत्र, पू. गुरुदेव का कण्ठ, सीमंधर स्वामी का आश्रय का सभी भावविभोर हो कर आनंद उठा रहे थे, डोल रहे थे । इस स्तवन के साथ मे, पू. गुरुदेवने महावीर के जीवनकाल की जन्म से लेकर निर्वाण तक की अवस्थाओं का परिचय देते गए । प्रभु ने माता के गर्भ में रहकर तय किया था कि माता के जीवनकाल दरम्यान प्रवज्या नहीं लेंगे.... जगत को संदेश दिया कि माता का प्रेम कितना ऊँचा और निःस्वार्थ होता है । जन्म के पश्चात, इन्द्र महाराज बाल महावीर को स्नान महोत्सव के लिए मेरु पर्वत पर ले जाते है, तब बाल महावीर की क्षमता पर शंका की.... भगवान महावीर ने पैर के अंगुठे के स्पर्श मात्र से मेरु पर्वत कंपित किया और जगत को संदेश दिया समर्थता में नम्रता होनी चाहिए । यहाँ पू. गुरुदेवने टकोर की कि हमे थोड़ा

कुछ आ जाता है तो पुरे जगत में अपनी बढ़ाई का डंका बजाते है । प.पू. गुरुदेव बहुत ही सरलता से गीत गाते गाते जीवन जीने का ज्ञान दे रहे थे । भगवानने संसार जीवन मे जो करना होता है वह सब कुछ किया था । अपनी गृहस्थीभी बसाई । व्यवहार धारा के साथ साथ आत्मधारा सतत् चालु थी । यहाँ प.पू. गुरुदेवने प्रभुसे प्रार्थना करते हुए कहा कि ''हे प्रभु हृदय मे वीर वीर की ध्वनी रहे ताकि हमारे अंदर वीरत्व प्रकटे, ऐसा पुरुषार्थबल प्राप्त हो, आज हमे ऐसा कुछ प्राप्त हो जिससे हमारा बाह्य एवं आंतरिक जीवन शुद्ध बने !'' इसके पश्चात् पू. गुरुदेवने पाँच धुन करवाई और व्यक्ति, वस्तु और परिस्थिति को भाव SMS (I Love You) भेजा । पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु और आकाश के सभी जीवों के साथ प्रेम भाव प्रसारित किया । तत्पश्चात गुरुदेवने स्वर और व्यंजन का विज्ञान समझाया । एक स्वर में दुसरे स्वर को मिलाना है । इस तरह संगीत के माध्यम से जीवन जीने का विज्ञान समझा दिया । वहाँ उपस्थित सभी की अद्भूत धारा बह रही थी । सभी को अपने अपने जीवन के तानेबाने समझ में आ रहे थे । प्रभु की वाणी को कान के माध्यमसे सुनकर हृदय मे उतारना है, उपर के दिमाग मे नही ले जाना है.... यदि हमारा स्वर, सूर, ताल, लय, सृष्टी के स्वर और ताल के साथ मिलेंगे तो ही परिणाम प्रकट होगा । पूज्य गुरुदेवने यहाँ ज्ञानात्मक समझ देते हुए कहा कि पहले स्वयं के साथ जुड़ो, बाद में दुसरे जीव परमाणु के साथ जुड़ो... हृदय से जुड़ो ।

दुसरा Session - 9.00 a.m.

''हे वीर.... करुणानीर अनराधार थई वरसावजो.....''

भाववाही स्तवन से शुरुवात करते हुए प्रभु से विनंती करते हुए कहा कि.... हम अबुध, अज्ञानी है.... हम सब पर ज्ञान प्रकाश की कृपा करो।

राता महावीर तीर्थ के संचालक श्री बाबुलालभाई के शुभ करकमल द्वारा दिप प्रज्वलन किया गया । प.पू. गुरुदेवने उत्तराध्ययन सूत्र का प्रथम अध्ययन शुरु करते हुए कहा कि जीवन में Success होने के लिए विनय का जीवन में स्थान होना बहुत ही जरुरी है । भगवानने प्रथम अध्ययन 'विनय श्रुत' में यह बात Clearcut कह दी है कि धर्म मार्ग की शुरुवात विनय से होती है । नमस्कार महामंत्र में पहला शब्द 'नमो' है । विनय से ही मुक्ति का मार्ग शुरु होता है । भगवानने श्रमण और गृहस्थ के लिए बहुत ही सुक्ष्मता से विनय की परिभाषा दी है । गुरु आज्ञा और विनय आधारित जीवन जीता है । अणगार – यांने जिन्होंने घरबार छोड़ दिया है, जो ज्ञान उपार्जन किया है उसकी वास्तव में Test करने के लिए बहार निकलते है । विनय का पाठ पढ़ लिया, समझ लिया किन्तु जब भिक्षु बनकर भिक्षा मांगने का अवसर आता है तब विनय की कसोटी होती है । राजा महाराजा दिक्षा लेकर भिक्षा के लिए निकलते है तब 'विनय' गुण प्रदिप्त होता है ।

यहाँ, पू. गुरुदेवने **''जोगी थई ने जाय महावीर, जोगी थईने जाय..... जगनी माया छोड़ी... वैभवने तरछोड़ी..... जोगी थईने जाय महावीर, जोगी थईने जाय.....''** यह स्तवन ललकारा । सभी यह भाव और संगीत में एकलीन हो गए । पू. गुरुदेवने इस स्तवन को नया सर्जनात्मक स्वरुप देकर गीत गुँजाया....

''तनड़ा ना सगपण छोड़ी, सौथी मैत्री जोड़ी...
तनड़ा ना सगपण छोड़ी, प्राणथी मैत्री जोड़ी.....''

यहाँ गुरुदेवने बहुत ही सुंदर बात कही कि महावीरने किसी को छोड़ा नही था, सर्व जीव और परमाणु के साथ मैत्री जोड़कर मुक्त हुए है । उनके अंग अंग में इस दुनिया के मंगल की भावना उछल रही थी । महावीरने अपने हृदय को इतना विशाल बनाया कि पुरी सृष्टि को अपने में समा लिया । 'आप कैसे भी हो, I Love You' की निरंतर धून उनके हृदय में बह रही थी । ऐसा 'जोगी' जो दुनिया को मात्र ज्ञान और प्रेम से देखता है ।

''वनवगड़ा ना घोर भयंकर ऐणे मार्ग विंध्या,
हसते मुखड़े कष्ट सही ने ऐणे विषड़ा पिधा ।''

यहाँ पू. गुरुदेवने हमारे जीवन को Connect करते हुए कहा कि घर में बैठकर हमने अज्ञान में जंगली प्राणी जैसे वनवगड़े खड़े कर दिए है । इस घर में जंगल खड़ा किया है । इसमे माया को Replace करके मैत्री की स्थापना करेंगे तो घर में जोगी बन सकते है । बहुत ही गंभीर और बड़ी बात यहाँ गुरुदेव ने कही ।

''माया से मैत्री
वैभव से विनय''

स्व की इमानदारी से यह Replacement करते आ गया तो तु घर मे ही रहकर जोगी बन सकता है.... मैत्री का विकास और विनय का विकास.... पू. गुरुदेव की स्व की स्फुरणा.....

धून लगावी.... प्रभु धून लगावी...
मैत्रीना मार्गनी, विनयतणा मार्गनी...
धून लगावी, प्रभु अमे धून लगावी...
भेदभाव मिटाव्या, स्त्रीने स्थान आप्यु...
वर्णवाद मिटाव्यो, मैत्रीने आधार आप्यो...
सत् नुं संगीत गायु, प्रेम नुं अमृत पायु...
धून लगावी.... प्रभु धून लगावी....।

बहुत ही चिंतनात्मक और Day-to-day जीवन से Connected बात पू. गुरुदेवने सरलता से गीत गाकर समझा दी । अहो ! अहो ! आगे बढ़ते हुए पू. गुरुदेवने विनय का स्वरुप क्या है उसकी खूब ही सुंदर समझ दी । विनय का प्रथम सोपान है – अहोभाव – नमन.... हर व्यक्ति, वस्तु और परिस्थिति को 'नमो' भाव से स्वीकार करो । घाती कर्म को दुर करने का

पहला क्रम है विनय का विकास । यहाँ गुरुदेवने विनीत शिष्य और अविनीत शिष्य के लक्षण समझाए । विनीत शिष्य गुरु की आज्ञा अनुसार जीवन बिताते है । विनय और नमो भाव का विकास होता है । सभी का प्रिय बनता है ।

अविनीत शिष्य – गुरु की आज्ञा अनुसार जीवन नही जीता है । नमो भाव नहीं है । दुनिया से तिरस्कृत होता है । उसकी हालत सड़े हुए कान वाली कुत्ती के जैसा तिरस्कृत जीवन जीता है ।

विनीत शिष्य को चेतावनी देते हुए प्रभु कहते है कि गुरु के सामने हंमेशा प्रशांत भाव में रहे । आज्ञा लेकर विनयपूर्वक बात करे, वाणी नम्र हो । निरर्थक बाते न करे । गुरु की Value कभी भी Down न करे । भगवान कहते है कि सद्गुरु का तिरस्कार, अवर्णवाद कभी नही करना चाहिए नही तो अनंतकाल तक सद्गुरु का मिलाप नही होगा । विनीत शिष्य जोर से या ऊँचे आवाज में नही बोले, असत्य ना बोले, लक्ष्यपूर्वक का व्यवहार करे । यहाँ पू. गुरुदेवने प्रभु की वाणी प्रकाशते हुए कहा कि भगवानने कितनी सुक्ष्मता से गुरु–शिष्य की बात कही है । यह वाणी सुनते सुनते हमें अपने आपको Check करना है ।

3 रा Session - 2.00 p.m.

''संसारनी निःसारता, जिन मार्ग की रंगीनता....
सम्यक्त्वनी ज्योती हृदयमां झळहळे....''

विनीत शिष्य के अध्याय को आगे बढ़ात हुए पू. गुरुदेवश्रीने कहा कि प्रभुने जो वचनों का गुलदस्ता दिया है, उसे अपनी जीवन की अवस्था में गुंथकर जड़ मान्यताओं की पकड़ से मुक्त होना है ।

व्यक्ति–व्यक्ति के बीच, व्यक्ति–वस्तु, व्यक्ति–परिस्थिति, व्यक्ति–जीव के बीच में विनय को स्थापित करना है । जिस तरह विनीत शिष्य के लक्षण कहे है उसी तरह गुरु के कर्तव्य का भी सुक्ष्मता से प्रभुने वर्णन किया है । पू. गुरुदेवने कहा कि गुरु एक तत्व है व्यक्ति नहीं । शिष्य का व्यक्तिगत निर्णय होता है गुरु की स्थापना का । गुरु का कर्तव्य है – शिष्य के प्रति सद्भाव हो, प्रेमपूर्वक शिष्य की बात सुने, मैत्रीपूर्वक वात्सल्यता से व्यवहार करे । प्रभुने सुक्ष्मता से गुरु के व्यवहार के विषय पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि भाषा का दोष नहीं होना चाहिए, निश्चयात्मक भाषा, असत्य भाषा का उपयोग नही करे, एक दुसरे की गहन गंभीर बातें, मर्म बातें खुली न करे ।

गुरु के कठोर वचन हितकारी समझ कर स्वीकार करता है, 'विनयश्रुत' को समझकर श्रेष्ठ शिष्य आचरण करता है उसे श्रेष्ठ ज्ञान मिलता है, लौकिक और अलौकिक लाभ मिलता है और निश्चीत मोक्ष का अधिकारी बनता है । इस प्रकार भगवान महावीरने इस दुनिया को छोड़ने से पहेले, लोगो के हित के लिए देशना प्रकाशी उसमें 'विनय' को प्रथम स्थान दिया ।

।। प्रथम अध्याय समाप्त ।।

4th Session - 7.00 p.m.

भाववाही स्तवन के साथ इस सत्र की शुरुवात हुई ।

2 रा अध्ययन 'परिषह विजय'

प.पू. गुरुदेवने दुसरे अध्ययन की पूर्वभूमिका समझाते हुए कहा कि साधना मार्ग मे चलते चलते भिन्न भिन्न प्रकार की तकलीफें आने की संभावना है । इसके लिए be prepared भगवानने चेतावनी दी है । नजर के समक्ष '**मुझे नहीं होना परेशान**' यह रखना है । भगवानने 22 प्रकार की तकलीफें बताई है । यह तकलीफें मानव सर्जित या कुदरती हो सकती है । इन सभी तकलीफों का ज्ञानात्मक solution निकाल कर आगे बढ़ना है ।

1) **क्षुधा –** भूख लगना, समय पर भोजन न मिलना । आंतरिक तैयारी करनी पड़ेगी । जागृतिपूर्वक ''मुझे नहीं होना परेशान'' का ध्यान करना ।
2) **पिपासा –** प्यास लगे किन्तु पानी का जोग न हो ।
3) **उष्णता –** अत्याधिक ताप, गरमी ।
4) **ठंडी –** अतिशय ठंडी – '**नमो जिणाणं, जिअ भयाणं**' तथा **शरीरमैत्री – प्राणमैत्री** करना ।
5) **मच्छर जीव जंतु का उपद्रव –** इन दोनो तकलीफों में '**नमो जिणाणं, जिअ भयाणं**' के जाप करना ।
6) **अचेल परिषह –** शरीर पर वस्त्र न रहे, यह कुदरती परिषह है ।
7) **संयम में अरुची पैदा होना –** साधु जीवन में क्रियाए कर के थक जाते है, Mechanical हो जाती है तब संयम पद के लिए कंटाला आता है । सभी क्रियाएँ ज्ञानपूर्वक करना ।
8) **विजातिय आकर्षण –** स्त्री और पुरुष दोनों को आकर्षण होता है । प्राणीक क्रियाएँ है हठयोग में । भगवानने यहाँ विवेक की जागृति रखने को कहा है ।
9) **पादचारी परिषह –** खुल्ले पैर चलने का परिषह ।
10) **एकान्त, निर्जन स्थान पर बैठने का भय –** ''नमो जिणाणं'' की रटण धून, परमात्मा के वचन पर अप्रतिम श्रद्धा ।
11) **मकान का परिषह –** भूमि हमें Accept न करे । मंत्र योग का उपयोग करना ।
12) **कठोर वचन का परिषह –** ''आप कैसे भी हो, I Love You'' प्रेम से अपनाना ।
13) **मारपीट झगड़ा –** 'नमो जिणाणं, जिअ भयाणं' की धून करना ।
14) **भिक्षा परिषह –** मोह को तोड़ने के लिए भिक्षा माँगने जाना । इसलिए साधु को भिक्षा–गौचरी माँगने को कहा है ।
15) **रोग परिषह –** वेदना–पीड़ा शरीर में होना ।
16) **कांटे कंकड़ लगना ।**

शुभेच्छक : **ये मत सोचो की एक महीने में या एक साल में क्या हो सकता है, ये सोचो 24 घंटे में क्या क्या हो सकता है ।**

17) **पसीना बहुत आना –** दुर्गंध आना ।

18) **मान–अपमान परिषह ।**

19) **अल्प बुद्धि परिषह ।**

20) **मेहनत करने के बावजुद परिणाम न मिले –** यहाँ सद्गुरु का शरण लेना ।

21) **दंसण परिषह –** साधना करते करते श्रद्धा तुटे..... यह सब व्यर्थ लगता है ।

22) **आत्मज्ञान परिषह –** वर्षो तक साधना करने के पश्चात् भी आत्मा का वेदन नही होता है ।

प.पू. गुरुदेवने कहा कि भगवान चेतावनी देते हुए कहते है कि ऐसे ओर दुसरे अनेक परिषह, तकलीफें आएगी । **''नमो जिणाणं, जिअ भयाणं''** के रुप में भगवान का शरण, **''मुझे नहीं होना परेशान''** की सतत् जागृति इस परिषह के सामने लड़ने की ताकत और बल देगी ।

यहाँ दुसरा अध्याय पूर्ण ।

3 रा अध्ययन 'चतुरंगी'

3 रा अध्याय की शुरुवात करते हुए पू. गुरुदेवने कहा कि प्रभु महावीरने चार वस्तु को अति दुर्लभ बताया है ।

1) मनुष्य भव मिलना ।
2) प्रभु के वचन सुनने का अवसर ।
3) इन वचनो पर श्रद्धा होना ।
4) भगवानने बताए हुए मार्ग पर चलने का निर्णय ।

प.पू. गुरुदेवने कहा कि प्रभु ने यह चार चीज़ों अतिदुर्लभ बताया है। आप अपने को Check करो कि कितने भाग्यशाली हो ? मनुष्य हो, इन्द्रियाँ सही सलामत है, यह मार्ग मिला है, चत्तारी मंगलम् और उसका शरण मिला है । उदासीनता हटाकर You feel blessed & lucky. भगवान के वचनों में श्रद्धा रखकर धारणा **'मुझे नहीं होना परेशान'** में आगे बढ़ो । एक गति से दुसरी गति में अपना प्रवास सतत चालु है । नरक और देव गति में भगवान नहीं मिलते है । बहुत ही Self-assessment करने का Chapter है और विकास यात्रा को आगे बढ़ाने की बात है ।

4 था अध्ययन 'असंस्कृत'

इस अध्याय में प.पू. गुरुदेवने कहा कि हम कुछ अर्थहीन, मिथ्या मान्यताओं को बाँध लेते है । जैसे – (1) देवी–देवता, मंत्र–तंत्र, ज्योतिष.... आदि पर श्रद्धा करने से सुख शांति मिलती है । (2) धर्म वृद्धावस्था मे ही करना चाहिए । (3) धन–दौलत से सब कुछ कर सकते है । (4) गुरु की निश्रा के बिना स्वच्छंद रुप से साधना कर सकते है । (5) परभव जैसा कुछ नहीं है । (6) यह धर्म करने से मेरा खराब हुआ.... इस तरह की विवेकहीन भावनाओं में जकड़ जाते है । भगवानने यह सभी भावनाओं से मुक्त होने को कहा है । भारंड पक्षी के जैसे सतत जागृत और लक्ष्यसहीत साधना करने के लिए कहा है ।

5 वा अध्ययन 'अकाममरणीय'

जीवन है तो मरण निश्चीत है । प्रभु मरण पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहते है कि मरण दो प्रकार से होता है । (1) सकाम मरण और (2) अकाम मरण ।

यदि जागृतिपूर्वक जीवन जीया हो, सम्यक् पुरुषार्थ किया हो 'मुझे नही होना परेशान' को लक्ष्य में रखकर, 'आप कैसे भी हो, I Love You' का व्यवहार सबके साथ किया हो और सतत, प्रभु का शरण लिया हो तो उस व्यक्ति को सकाम मरण प्राप्त होता है किन्तु जो व्यक्ति सतत भोग विलास में जीया हो, विषयों और वस्तु पर मोह रखा हो तो वह व्यक्ति अकाम मरण को पाता है । जो जीव, गृहस्थ सामायिक, प्रतिक्रमण और व्रतपूर्वक जीवन जीता है और आंतरसाधना में Deeply आगे बढ़ता है वह मुक्ति को पाता है ।

दीपावली पर्व (ता. 19-10-2017)
1st Session - प्रभात 4.30 बजे

अद्भूत दिन, दिव्य मंगल प्रभात मे सभी का मन महावीर के समवसरण मे पहुँच गया ।

'हे नाथ तारा चरणनुं बहु भावथी शरण ग्रह्युं,
तुज मार्गने आराधता मुनिवर तारा शरण ग्रह्युं,
वणी तुज प्ररुपीत धर्म जे ते धर्मनुं शरण मळ्युं'

भाववाही सुर मे, दिव्यता का अनुभव सभी करते हुए इस गीत का गुंजन कर रहे थे ।

वीर–महावीर को पुकारते हुए प.पू. गुरुदेव भाव के बहाव में ले गए जहाँ मात्र मैं और वीर है । और ऐसी शक्ति, कृपा माँगते हुए.... अभिप्रायों को तोड़ता रहूँ, अच्छे–बुरे की भावनाएँ तोड़ता रहूँ, निर्ग्रंथ दशा को मैं प्राप्त करुं, न रोग न शोक, न ताप न संताप, मात्र आनंद ही आनंद ।

जबरदस्त भाववाही के दिव्य बहाव में डुबकी लगाकर प.पू. गुरुदेवने 6 वा अध्ययन शुरु किया ।

6 वा अध्ययन 'क्षुल्लक निर्ग्रंथीय'

प.पू. गुरुदेवने Short मे समझाते हुए कहा कि ग्रंथी यांने बंधन ! गाँठ बाँधना यांने अभिप्राय एकत्रित करना । प्रभु महावीरने उसमे से मुक्त होने के लिए कहा कि मैत्री जैसा कोई दुसरा उपाय नहीं है । यह पुरी सृष्टि Divine है । जो उपसर्ग, तकलीफें आती है उसे तक में Convert करो, Alertness से । अभिप्राय में जकड़ाओ नहीं, जो ऐसी अभिप्राय की गाँठे

छोड़ता है वह साधु है । सामायिक, प्रतिक्रमण, व्रत, जप आंतरिक विकास के लिए है ।

2nd Session - 9.30 बजे

तीर्थंकर परमात्मा सीमंधर स्वामी को वंदन और उनकी स्तुति करते हुए प.पू. गुरुदेवने Session की शुरुवात की । श्री विमलभाई राजावत परिवार के शुभ हस्तों द्वारा दीप प्रकटीकरण किया गया । पू. गुरुदेवने कहा कि प्रभु का मार्ग निर्ग्रंथ बनने का मार्ग है । हरेक तीर्थंकर अपनी परम्परा – तीर्थ की स्थापना करते है । वर्तमान में मनुष्य की दशा का वर्णन करते हुए प.पू. गुरुदेवने कहा कि मनुष्य के दुःख का कारण वह स्वयं है । उसकी मानी हुई मान्यता ही उसे दुःखी करती है । अपने कर्म हमे ही भोगना है । माता–पिता, बहन–भाई, संबंधी आदि सहायक बन सकते है, किन्तु रक्षा नहीं कर सकते । पंचपरमेष्टी रक्षा कर सकते है । शरण पंचपरमेष्टी का लेना बाकि का अशरण लेना । दुःखी मनुष्य दुसरो पर आरोप लगाकर आर्तध्यान, रौद्रध्यान धरता है और तिर्यंच में जाता है । भगवानने कृपा करके वाणी बरसाई है, इन वचनों को अमल में लाना जरुरी है । भगवानने 'सेवा' करके परिणाम प्रकट करने के लिए कहा है। चलते–फिरते, बोलते, खाते–पीते, Care-Love का Attitude developed करना है । लोगो को उपयोगी बनना शुरु कर दो । तेरा रास्ता तुझे ही चलना है ।

3rd Session - 3.00 बजे

''ॐ अर्हम् ॐ अर्हम् महावीर....''

अब थोड़ा ही समय बाकि था महावीर के निर्वाण का । भगवान की वाणी दो प्रकार की थी परा वाणी और वैखरी वाणी । 48 घंटे की वाणी में ज्यादा परावाणी थी । प्रभु स्वयं मौन रहते किन्तु उनके अस्तित्व मे से भाव तरंग निकलते रहते थे जिसे गणधर भगवंत समझ सकते थे और शब्दो द्वारा उसे गुँथते थे ।

प.पू. गुरुदेवने प्रभु से विनंती करते हुए कहा कि प्रभु मुझे साधक बन कर हर क्षण मुक्त होते जाना है, आपके बताए हुए मार्ग मे रहूँ और मेरी मंजिल प्राप्त करुँ ।

7 वा अध्ययन

भगवानने तीन उदाहरण देकर बोध दिया है । प्रथम बोकडे का यांने के बकरा । बकरे को खरीदने वाला उसे खूब हृष्टपृष्ट बनाता है । ताजा माजा तगड़ा बनाता है । बकरे की सब खातीरदारी करता है । बकरा अपने आप को नसीबवाला मानता है । यह बकरा अपने मालिक द्वारा दी गई सुखसुविधा, अनुकुलता में खो जाता है किन्तु इस बकरे को मालुम नही कि उसका मालिक उसे हलाल करने के लिए पोष रहा है । भगवान यहाँ Message देते है कि तु भी तुझे मीली हुई सुखसुविधा, अनुकुलता जो पुण्यबल से मिली है उसमे खो मत जाना । प.पू. गुरुदेव यहाँ टकोर करते है कि हम सुखसुविधा प्राप्त करने के लिए कितने गोटाले करते है । मौज शौक में डूब जाते है, प्रमादी बन जाते है । यहाँ भगवान हमे सावधान करते है और कहते है तुझे जो अनुकुलता मिली है उसे सेवा में Convert कर मुक्त होते जा.... ।

दुसरा उदाहरण आम और राजा का देते हुए प.पू. गुरुदेवने बताया कि लालसा के पिछे जीवन खत्म हो जाता है । लोभवृत्ति को समझ कर उसे दुर कर और संयम से रह ।

तीसरा उदाहरण वाणिक पुत्र और सुवर्णमुद्रा का दिया है । मनुष्य बनकर सेवा कर और मुक्त हो । Invest your time in Seva.

4th Session - 7.30 p.m.

वीर प्रभु के अंतिम समवसरण के अंतिम चरण में कुछ प्रकृष्ट झंखना लेकर सभी बैठे थे कि प्रभु की इस दिव्य धारा में मेरे अस्तित्व में कुछ ऐसा रसायण मिल जाय, जो मेरा मनुष्यभव सार्थक कर दे । प.पू. गुरुदेवने यहाँ ज्ञानात्मक रुप से समझाते हुए कहा कि तेरी करनी तेरा भविष्य तय करेगी । तु तेरा ही भविष्य विधाता है । मनुष्य बना है तो नित्य मेरी वाणी का श्रवण कर, लक्ष्य के साथ कर । भगवान का शरण लेकर अपने आप पर विश्वास कर और हमेशा सत्संग में रहना । मनुष्य का जीवन पुनः चाहता है तो सेवामय जीवन जीना ।

8 वा अध्ययन 'कापिल्य'

प.पू. गुरुदेवने कपिल मुनी की कथा का सार समझाते हुए कहा कि आसक्ति, आकर्षण व्यक्ति के प्रति, वस्तु के प्रति हो तो वह तुम्हे अंध बना देता है । इच्छाओं का कोई अंत नहीं है । इच्छा करना बुरा नहीं है किन्तु उसके लिए Craving खतरनाक है । प.पू. गुरुदेवने आहार औचित्य पर वजन रखते हुए कहा कि दुर्गति से बचने के लिए पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु और वनस्पती को Thank you, God bless you के भाव SMS भेजो ।

इस तरफ पावापुरी नगरी में प्रभु महावीर की अंतिम घड़ी नजदीक आ चुकी थी । महावीरने अपने प्रिय शिष्य गौतम को अपने से दुर करने के लिए देवशर्मा को प्रतिबोध देने के लिए भिजवाते है । प्रभु जानते थे कि मेरे पर अतिराग होने के कारण गौतम का कैवल्य ज्ञान नहीं हुआ है । गौतम हंमेशा प्रभु को पुछते थे कि भंते मुझे कैवल्य ज्ञान कब होगा ? प्रभु हँसते, आज वह घड़ी पास आ रही थी । सभी लोग इस महान ज्योति के अंतिम दर्शन करने के लिए इकठ्ठे हुए थे । प्रभु शुक्लध्यान में लीन है । शैलेषीकरण की क्रिया करके सम्पूर्ण शरीर को 1/3 जितना संकुचित करके सर्व परमाणु का समुत्घात कर चौदह राजलोक में परमाणु फैलाते है और चैतन्य, शरीर मे से निकल कर सीधा रॉकेट के जैसे सिद्धशिला पर पहुँच जाता है । यह थी प्रभु के निवार्ण की घड़ी.....

''ॐ अर्हम महावीर पारंगताय नमः''

शुभेच्छक : तुम अपनी जिंदगी का अगला पाठ नहीं पढ़ सकते जब तक पिछले पाठ को याद कर रहे हो ।

प.पू. गुरुदेवने बहुत ही Energetic जाप करवाए और महावीर से प्रार्थना की कि आपने निर्वाण प्राप्त किया, मेरा भी इस तरह निर्वाण हो ऐसी भावना भाता हूँ।

''एक महान ज्योत बुझाई, त्यांज देव दुंदुभि वाग्या....
देवोए पोकार्यु वीरे मुक्ति प्राप्त करी.....
दिवाओ प्रगटावो, प्रकाश फैलावो, आनंदोत्सव मनाओ...''

तभी तालियों के नाद में और संगीत के साथ में हर कोई झुम उठा। दिपक प्रकटाए.... गरबा नृत्य किया.... लोगोने अपनी अपनी कला एवं Talent प्रस्तुत किए । Group Dance, Education Skit, मारवाडी नृत्य, स्तवन, वर्तमान समस्या शादी एवं तलाक से Related Skit, शांताबाई कामवाली..... इत्यादि हँसते हँसते आनंद उल्लास के साथ यह Session पुरा हुआ।

गौतम विलाप – कैवल्य ज्ञान Session (रात – 3.30 बजे)

प्रभु.... वीर.... निर्वाण को प्राप्त हुए.... गौतम स्वामी देवशर्मा को प्रतिबोध करके लौटे तो उन्होंने यह समाचार सुने । प.पू. गुरुदेवने कहा कि वीर प्रभु और गौतम स्वामी का संबंध अद्‌भूत था । गौतमने अपने भाई के साथ भगवान महावीर के पास दिक्षा ली, उस घड़ी से उन्होंने मात्र भंते – भंते – भंते..... ही किया । चार ज्ञान के मालिक थे । 50000 शिष्य थे । भगवान के प्रति इतनी असीम भक्ति थी कि वीर प्रभु के बिना कुछ नही है । इतना अहोभाव, प्रेम और समर्पण था । इतनी अगाढ़भक्ति प्रभु के प्रति होने से उन्हे बहुत सी लब्धियाँ प्राप्त हुई थी । इसका श्रवण करते हुए सबके हृदय में गौतम स्वामी के लिए अहोभाव प्रकटे.... आँखो मे भक्ति के आँसु आ गए । गौतम स्वामी वीर प्रभु को प्रश्न करते कि हे भंते, मुझे कब कैवल्य ज्ञान प्राप्त होगा? तब प्रभु कहते है, 'जे दिने मुझ निर्वाण थशे, ए दिन मलशे केवलज्ञान....।'

प्यारे वीर को निर्वाण प्राप्त हो गया... अंतिम घड़ी मे मुझे दूर कर दिया... विलाप करने लगे... चौधार आँसुओं से रोने लगे.... गौतम संताप करते है मुझे अकेला छोड़कर क्यों चले गए । फुट फुटकर रोते है... ऐसा लग रहा था कि समग्र सृष्टि रो रही है । रोते रोते शांत हुए और गौतम विचार श्रेणी में चढ़ गए । वीर प्रभुने मुझे दूर किया कारण मेरा मोह, मेरा प्रभु के प्रति राग, प्रभु जानते थे.... मेरे मोह पर हथौड़ा मारे बिना मेरा कैवल्य ज्ञान नहीं होगा.... अहो ! प्रभु आप जाते जाते यह अंतराय दूर करते गए.... सदा सबका हित और मंगल करनेवाले..... पश्चाताप के आँसु के साथ क्षपक श्रेणी भावधारा में ऊँचे ऊँचे जाने लगे.... तभी प्रकाश पूंज झलक उठा । गौतम को कैवल्य प्राप्त हुआ । गौतमने मल्यु केवलज्ञान केवलज्ञान..... सभी देव–देवियाँ वंदन करने आ पहुँचे... हर्ष... उल्लास... ज्ञान का प्रकाश... नूतन वर्ष की मंगल प्रभात केवलज्ञान के प्रकाश के साथ जगमगाने लगी... सभी ने **'ॐ गौतम केवलज्ञानाय नमः'** के जोरदार जाप किए ।

जैन इतिहास की यह दो विरल घटना गुरु शिष्य के अनुराग को दर्शाती है । रात 12.00 बजे (अश्विनी) आसो वद अमावस्य को प्रभु महावीर का निर्वाण..... और ब्रम्ह मुर्हूत में 4.00 बजे गुरु गौतम को कैवल्य ज्ञान... बहुत ही तादृश्य घटना.... और परम पूज्य गुरुदेव की अद्‌भूत दिव्य सीमंधरी वाणी..... के साथ लगभग 5.30 बजे... इस अंतिम वाणी का अंतिम Session पूर्ण हुआ ।

किसी के मुख पर न थकान, न नींद, न कंटाला..... यही तो है सीमंधर की हाजरी का कमाल.... वहाँ से सभी देहरासर के द्वार उद्‌घाटन के लिए जमा हो कर **विमलभाई राजावत परिवार** के साथ द्वार उद्‌घाटन का लाभ लिया और राता महावीर के दर्शन किये ।

सुबह 6.15 बजे नूतनवर्ष महामांगलिक प.पू. गुरुदेव के श्री मुख से सुनकर गुरु गौतम की कृपा लेकर निर्णय लिया 'मारे नथी थवुं हेरान'.... मैं सहज बनुँ, सरल बनुँ, नम्र बनुँ । विवेक और मैत्री को जीवन में स्थान देकर.... मेरी आंतरिक विकास यात्रा में.... गुरु–आश्रय के साथ आगे आगे बढ़ता रहुँ.... मेरा मंगल, तेरा मंगल, सबका मंगल हो ।

इस तरह 16 प्रहर की महावीर की अंतिम वाणी प.पू. गुरुदेव के श्री मुख से सुनी जो यहाँ पूर्ण हुई ।

यह दिन अवकाश और विराम का था । सुबह थोड़ा आराम कर नहा धोकर राता महावीर तीर्थ के देहरासर में पूजा, चैत्यवंदन किया । वहाँ समवसरण मंदिर में प.पू. गुरुदेव के साथ ज्ञान सत्संग का लाभ लिया ।

पंच तीर्थ यात्रा

ता. 21-10-2017 को सुबह 5.00 बजे सभी ने राता महावीर की पावनभूमि को, वापस आने की भावना करते हुए नमन किया और वहाँ से प्रयाण किया बस द्वारा पाँच तीर्थो के दर्शन हेतु..... बस मे राता महावीर की स्मृतियों के साथ.... **नागेश्वर जैन तीर्थ**, भद्रंकर नगर पहूँचे..... पार्श्वनाथ प्रभु के दर्शन–वंदन किए ।

बस में बैठकर **राणकपूर जैन तीर्थ** पहूँचे । नवकारसी की, देवदर्शन किए । वहाँ के पुजारीजी से इस अद्‌भूत और शिल्पकला से भरपुर तीर्थ के विषय में जानकारी प्राप्त की । भव्य स्थापत्य और संगमरमर का चौमुखी मंदीर केवल जैनों में ही नही किन्तु पूरे विश्व में अपनी शिल्पकला के लिए प्रसिद्‌ध है । भगवान आदीनाथ की सुंदर मनमोहनीय प्रतिमा है । इस परिसर के अंदर चारो ओर छोटी छोटी देरियाँ, 1444 खँभे, हर खँभे के पास खड़े होकर आप को प्रभु के दर्शन होगे । वहाँ के शेठ धन्नाशाह ने यह मंदीर, 15 वी सदी में बँधवाया था । मंदीर का नाम वहाँ के राजा राणा कुंभा के नाम

पर रखा गया । इस मंदीर का इतिहास ताम्रपत्र पर अंकित किया गया है । इस मंदीर के Architecture दीपचंदभाई सोमपुरा थे । भव्य कलाकारी, Great नक्काशी, छत पर कल्पवृक्ष, पाँच मूलभूत तत्वों का सुंदर समायोजन.... अफलातून भव्य मंदीर का यह इतिहास सुनकर अहो अहो हो गए ।

ऐसे सुंदर भव्य तीर्थ के दर्शन कर आगे के तीर्थ के लिए प्रयाण किया । **मुँछाला महावीर तीर्थ** में पहुँचे, वहाँ दर्शन किए । वहाँ से **नारलाई शत्रुंजय तीर्थ एवं गीरनार तीर्थ** की ओर रवाना हुए । जहाँ दो छोटे छोटे आमने सामने पहाड़ है । जहाँ एक ओर गीरनार और दुसरी ओर शत्रुंजय तीर्थ बनाया गया है । हमने वहाँ 450 सीढ़ियाँ चढ़कर शत्रुंजय तीर्थ में आदीनाथ दादा के दर्शन किए । वहाँ आदीनाथ भगवान की पूजा एवं जबरदस्त जाप एवं भाव धून की । नीचे धर्मशाला में चौविहार कर आगे **नाड़ोल** की ओर प्रस्थान किया जहाँ **मानदेवसूरीजी का समाधी स्थल** है । शांति स्त्रोत के रचयिता श्री मानवदेवसूरी ने किस तरह इस स्त्रोत की रचना की, किस लिए की उसका समग्र इतिहास चित्रों के साथ Exhibit किया है । वहाँ बैठकर मंत्र जाप किए । वहाँ आजुबाजु प्राचीन मंदीर थे वहाँ दर्शन किए । वहाँ लगभग हर गल्ली में मंदीर और जिन बिंब के दर्शन होते है । लगभग रात के 8.30 बज चूके थे । बस में कुछ खराबी आने के कारण हम सबने वहाँ मंदीर में बैठकर जाप किये । वहाँ से लगभग 10.00 बजे बस में बैठकर **वरकाणा तीर्थ** की ओर प्रयाण किया । 'मुझे नहीं होना परेशान', Come what may I will enjoy इस मंत्र का साक्षात्कार किया और वरकाणा तीर्थ पहूँचे । दुसरे दिन यांने के 22 तारिख को सुबह जिनमार्ग Trekking के लिए निकलना था । प.पू. गुरुदेवने Brief में आगे का कार्यक्रम समझाया और सभी अपना अपना सामान लेकर अपने अपने रुम में गए ।

जिनमार्ग Trekking
(ता. 22-10-2017 से ता. 24-10-2017)

प्रभु की वाणी का श्रवण करने के बाद, उस श्रवण का चिंतन, मनन कर जीवन में उसका यथार्थ उपयोग कर, जीवन मार्ग को योग बनाकर, परम आनंद प्रकट करने का चढ़ान चढ़ने (trekking करना) का प्रयोग यांने **जिनमार्ग Trekking**. प.पू. गुरुदेव **श्री पंकजभाई** ने यह नवीन प्रयोग जो परम्परा में पहले था किन्तु जो लुप्त हो गया था उसे नवीन स्वरुप में प्रस्तुत किया है । प्रभु संदेश, कुदरत का हरेक अंश, जीव, परमाणु आत्मसात करे.... जीवे जीवे अरिहंत नाद.... बस यही पवित्र उद्देश्य जिनमार्ग Trekking का है ।

ता. 22-10-2017 को सुबह 5.00 बजे सभी श्वेत वस्त्र धारण कर, नीचे परिसर में जमा हो गए । Banners लेकर सब सज्जित हो गए । **'मुझे नहीं होना परेशान', 'आप कैसे भी हो, I Love You', 'नमो जिणाणं'** यह संदेश सभी जीवों को पहुँचाना था । प.पू. गुरुदेवने कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य है परम स्वतंत्रता.... और विचरण करते करते निम्न तीन मंत्रो को Illuminate जागृत करना है ।

(1) मेरे साथ जो कुछ हो रहा है उसका जबाबदार मैं स्वयं हूँ ।

(2) 'मुझे नहीं होना परेशान' ।

(3) परमात्मा मेरे साथ है ।

विचरण दरम्यान इस दिव्यतत्व के साथ जुड़ना है । मैं भगवान के शरण में हूँ । हम सतत् शंका और भय से क्षण क्षण मर रहे है । अब से मैं भगवान के शरण में हूँ, मुझे कोई Disturb नहीं कर सकता है । यह मंत्र वाणी सुनी तभी ढ़ोल, शरणाई के सुर और ताल में सभी आनंद उल्लास के साथ गरबा नृत्य करते करते.... जिनमार्ग Trekiing के लिए निकले । पू. गुरुदेव के चरणरज लेकर निकले । रास्ते में सभी को प्रकृति, जीव, पशु, पक्षी आदि को I Love You, Thank you, God bless you इस Message के भावतरंग फैलाते गए । शांत प्रकृति, पवित्र वातावरण, कुदरत का नजारा... पक्षियों का कलरव, ऐसा लग रहा था कि समस्त कुदरत हमारा स्वागत कर रही है । विचरण करते करते जो भी मिलता था उसे हँसकर 'नमो जिणाणं' कहते थे सामने से उनका मीठा स्मित साथ में लेकर विचरण करते करते 7 Km. की दुरी तय कर **अष्टापद तीर्थ** पहुँचे । लगभग 2 घंटे की यह पदयात्रा चली । जो लोग नहीं चल सकते थे उनके लिए Van Vehicle की व्यवस्था रखी गई थी । इस पद यात्रा दरम्यान, आशिषभाई महेता और प्रदीपभाईजी जवानवृद्ध थे जो सबसे आगे चलते थे..... सलाम उन्हें । अष्टापद तीर्थ पर पहुँचकर सबसे पहले नवकारसी की तत् पश्चात वहाँ **आदिनाथ भगवान** का नयनरम्य सुंदर मंदीर था । वहाँ दर्शन, वंदन किये । उसके पश्चात् प.पू. गुरुदेवने भक्ति रस का अद्भूत थाल परोसा । भगवान की स्तुति स्तवना की । ऐसी पावनभूमि पर बैठकर शांति और पवित्रता का जो अनुभव हुआ वह अवर्णनीय है । यह अद्भूत अनुभव करके सभी बस में बैठकर वरकाणा तीर्थ पहुँचे ।

दोपहर में सत्संग का सत्र था । सत्संग में बहार से भी लोग आए हुए थे । पू. गुरुदेवने स्तुति स्तवना करके सत्र की शुरुवात की । प.पू. गुरुदेवने कहा कि भगवानने मात्र तीन शब्द अपने मुख से उच्चारे थे । **उपन्नेईवा, विग्नेईवा, ध्रुवेईवा ।**

पुद्गल, परमाणु उत्पन्न होना.... विसर्जन होना यह वैज्ञानिक सत्य है । मुख्य Centre Point है ध्रुवेईवा..... मेरा अस्तित्व । सतत् हमारे संपर्क में व्यक्ति, वस्तु, परिस्थिति, जीव और परमाणु आते है । इन पाँचो के साथ मात्र मैत्री का संबंध बाँधकर मुक्त होना है.... Life style को बदलना है – विचार – वाणी – व्यवहार – संस्कार में मात्र 'मैत्री' और विनय का सिंचन करना है ।

शाम को चौविहार करके सत्संग के लिए एकत्रित हुए । प.पू. गुरुदेवने लोगो के प्रश्नों के उत्तर दिए । शरीर यह जीवन जीने का Vehicle है और इसे Well maintain रखना है । इसके लिए शरीरमैत्री, प्राणमैत्री, आहारमैत्री..... बहुत आवश्यक है । सत्र के अंत में आरती, मंगल दीपक करके सभी अपने Room में गए और निंद्राधिन हुए ।

ता. 23-10-2017 जिनमार्ग Trekking – बिजोवा तीर्थ

सुबह 5.00 बजे से 6.00 बजे तक नीतिनभाई का शरीरमैत्री पर Session था । 6.30 बजे पू. गुरुदेवने विचरण शरु करने से पहले कहा कि मैत्री का विकास करना है । पिछले दिन के तीन मंत्र के साथ आज का मैत्री मंत्र उसमें जोड़ना है । Opinion को पकड़ना नहीं है । प्रभु ने भी यही किया था – मैत्री हर जीव के साथ करते गए और मुक्त होते गए ।

इन चार मंत्रो को Illuminate करते हुए कुदरत के हर एक तत्व को Love-Friendship के भाव तरंग प्रसारित के साथ स्तवन और स्तुति गाते हुए विचरण कर रहे थे । 3 Km. की यात्रा करके बिजोवा तीर्थ पहुँचे, वहाँ नवकारशी की, मंदीर में दर्शन, वंदन और भक्ति भावना प.पू. गुरुदेव की उपस्थिति में किया । 1 घंटे भक्ति में तल्लिन हुए और उसके बाद बस में बैठकर वरकाणा तीर्थ पहुँचे ।

वरकाणा तीर्थ के मंदिर में दोपहर 2.00 बजे अर्थ और भावसभर अष्टप्रकारी पूजा का आयोजन किया गया था । हरेक जन पूजा के वस्त्रों में सज्जित होकर, वहाँ बिराजमान प्रतिमा की समक्ष, एक व्यक्ति एक भगवान, इस तरह तैयार होकर बैठ गए थे । हर एक को अष्टप्रकारी पूजा की सामग्री दी गई थी । प.पू. गुरुदेवने अष्टप्रकारी पूजा का मर्म समझाते हुए कहा कि अष्टप्रकारी पूजा यह भगवान की स्तुति करने का प्रकार है । लक्ष और भाव के साथ यह पूजा करनी है । इस द्रव्य पूजा में भाव और भक्ति, प्रभु के साथ जुड़ने की झंखना होनी चाहिए । पू. गुरुदेवने कहा कि अष्टप्रकारी पूजा आठ कर्म का क्षय करने वाली पूजा है । हर पूजा में रहे हुए भाव से भावित होकर परमात्मा के साथ जुड़ जाना है ।

सर्वप्रथम तीन प्रदक्षिणा दी प्रभु के चारो ओर उसके बाद स्तुति – जिसमें प्रभु के गुण की स्तवना की, यह गुण मेरे अंदर प्रकट हो इस भाव के साथ प्रभु के गुणगाण करना । इसके पश्चात् अष्टप्रकारी पूजा की शुरुवात की ।

अष्टप्रकारी पूजा

(1) **जल पूजा –** प्रभु पे जल का अभिषेक करते करते यह भाव करना है कि मेरा मेल - Negativity दूर हो । दूध का पक्षाल करते हुए यह भाव करना है कि अपने आत्मा को शुद्ध कर रहा हूँ और यह महसुस करना है कि जैसे मैं अपना पक्षाल कर रहा हूँ ।

(2) **चंदन पूजा –** प्रभु के नव अंग पर अंगुठा, घुटने, कलाई (कांड़ा), कंधे, मस्तक (शिखा), कपाल, कण्ठ, नाभि की चंदन पूजा की । यह नव अंग शक्तिपात के स्पर्श बिन्दु है । एक–एक अंग पर अपना पूर्ण समर्पण देकर, वहाँ से प्रकट होने वाली शक्ति कृपा लेनी है ।

(3) पूष्प पूजा (4) धूप पूजा (5) दीपक पूजा (6) अक्षत पूजा (7) नैवध पूजा (8) फल पूजा (अग्र पूजा) ।

इस तरह द्रव्य पूजा की, चैत्यवंदन किया । आरती, मंगल दीपक और शांतिकलश करके.... संकल्प किया कि हे प्रभु, यह आठ प्रकार से आपकी स्तवना, भक्ति, पूजा की है । मेरे अंतर का शुद्धिकरण हो इस लक्ष्य के साथ की है । सभी जीवों का मंगल हो... सद्शक्ति, सद्बुद्धि प्रकटे..... बहुत ही अद्भूत और भावसभर अष्टप्रकारी पूजा की । कुछ अलग अनुभव था । 3 से 3½ घंटे तक चली इस पूजा दरम्यान भगवान और मैं, मैं और भगवान और पू. गुरुदेव की दिव्य वाणी का सत्संग.... अहो ! अहो !..... धन्य पल थे वह.....!

शाम को चौविहार करके सत्संग का सत्र था ।

ता. 24-10-2017 दादाई तीर्थ

सुबह 5.00 से 6.00 नीतीनभाई का शरीरमैत्री, प्राणमैत्री का सत्र था । 6.00 बजे से विचरण, पदयात्रा दरम्यान मैत्री का संदेश प्रसारित करते हुए समग्र सृष्टि मेरा परिवार है..... यह भावना प्रदीप्त हो रही थी । दादाई तीर्थ लगभग 4 Kms. दुरी तय करते करते हमारे साथे के तिर्यंच का जीव (कुत्ता) भी जुड़ा । बराबर हमारे साथ–साथ ही चल रहा था । दादाई तीर्थ पहूँचने तक वह हमारे साथ चला.... मैत्री के Vibration सबको बुला रहे थे ।

विमलभाई राजावत परिवार (मीरा रोड़) के मित्र का वहाँ Resort था । वहाँ Resort में नवकारसी का आयोजन किया गया था । नवकारसी करने के पश्चात् Resort में एक घंटा कुदरती वातावरण में बिताया । उसके पश्चात् दादाई तीर्थ पहुँच कर प्रभु शांतिनाथ के दर्शन किए । विमलभाई राजावत परिवार के स्वगृह में आराम किया । उसके पश्चात् दोपहर के भोजन की व्यवस्था वहाँ के स्थानक वाड़ी में रखी गई थी । भोजन के पश्चात् खुल्ले आकाश के नीचे, विशाल वृक्ष की छाया में सत्संग का आयोजन किया गया । वहाँ के ट्रस्टीयों ने प.पू. गुरुदेव का सम्मान किया और विमलभाई राजावत परिवार का भी सम्मान किया । परम सुख जीवन विकास केन्द्र का तथा संस्था के योगदान का यह सम्मान था । वहाँ के उपाश्रय में बिराजमान साध्वी महाराज श्री कीर्तिशीलाश्रीजी एवं विरतिशीलाजी सत्संग में पधारे थे । शाम को महाजन वाड़ी में चौविहार कर, शांतिनाथ दादा के दर्शन कर,

आरती, मंगल दीपक का लाभ लिया । बस में बैठकर वरकाणा तीर्थ लौटे । अगले दिन मुंबई की ओर प्रयाण करना था इसलिए सब Bag Luggage तैयार करने में Busy हो गए ।

ता. 25-10-2017 वरकाणा तीर्थ
लाभ पांचम – ज्ञान पांचम

सुबह 6.30 बजे का शरीरमैत्री का सत्र नीतीनभाई ने लिया था । शारीरिक तकलीफों से संबंधित सारे प्रश्नों का निवारण नीतीनभाई ने बहुत अच्छे से किया । जानकारी से भरपूर लाभदायी सत्र था । सुबह 7.30 बजे नवकारसी कर नहा–धो कर पूजा के वस्त्रों में सुसज्जीत होकर सभी 9.00 बजे हॉल में ज्ञान पूजन के लिए पहूँच गए थे । ज्ञान पांचम के शुभ दिन ज्ञान की आराधना – जाप पूजन और पू. गुरुदेव के श्री मुखसे वाणी का झरना... सीमंधर स्वामी की हाजरी में.... जैसे सोने में सुगंध भर गई हो ऐसी बात थी। हरेक सत्संगीयों को Individually ज्ञान पूजन की सामग्री – सिध्धचक्र यंत्र के साथ दी गई थी ।

प.पू. गुरुदेवने पंचपरमेष्ठी शरण लेकर, आत्मरक्षा मंत्र की उद्घोषणा के साथ शुभ मंगल शुरुवात की । पाँच परम लक्ष्य का जागृतिपूर्वक गुंजन किया । प.पू. गुरुदेवने कहा कि हरेक व्यक्ति, वस्तु और परिस्थिति में सम्यक् ज्ञान हमें Alert करता है । हम सब पर निर्भर है फिर भी मुक्त होना है, निर्ग्रंथ बनना है । मान्यताओं की गाँठे यही अज्ञान है । लक्ष्य प्राप्त करने के लिए महेनत, श्रम करना है किन्तु सम्यक् ज्ञान की समझ के साथ और भगवान के दिए हुए ज्ञान को Day to Day life में Connect करना है । ज्ञान पद के अष्टक की एक एक गाथा समझाते हुए प.पू. गुरुदेवने कहा कि सम्यक् ज्ञान को ध्यान में रखकर हमें अपनी Life style develop करनी है । ऐसी Life style develop करने की जो महेनत है, Process है वह तप है । दोष, भूलों का स्वीकार कर, दुःख के कारणों को दुर करने की Setting कर, इसे ही स्वाध्याय तप कहा है । इसीसे विवेक प्रकट होगा । एक गाथा पुरी होने पर सभी वाक्षेप पूजन करते थे और '**ॐ नमो नाणस्स**' के जाप ।

''ज्ञाने जीवनी दया पड़ाय, ज्ञाने सवि आराधना थाय,
ज्ञाने विवेक दीप जले, ज्ञाने भवनी भीति टले ।''

सम्यक् ज्ञान प्रकट होता है तभी हरेक जीव के प्रति मैत्री, करुणा, दया बहने लगती है । प.पू. गुरुदेवने कहा कि जो अपनी मुक्ति चाहते है, उसे सबके साथ मैत्री करनी पड़ेगी । लक्ष्य को Centre में रखकर सबके साथ बिना कारण मैत्री करना । यही विवेक है । विवेक ही मैत्री प्रकट कर सकता है।

''ज्ञाने तत्वनो बोध ज थाय, ज्ञाने मोहनो नाश ज थाय,
ज्ञाने विरति धर्म पमाय, ज्ञाने भवजल पार तराय ।'"

पू. गुरुदेवने कहा कि तीव्र झंखना से तत्वज्ञान प्रकट होगा । मैं हमेशा प्रभु के मार्ग में रहूँ। इस सृष्टि में मेरा Role क्या है ? उसकी समझ मिले ।

ज्ञानियों का सम्मान, आदर करो । अलग अलग Level के ज्ञानी मिलेंगे उनका सत्कार करो । आपके कर्म की निर्जरा होगी ।

ज्ञान यह अग्नि है, कर्मों को नाश करने की उसमें ताकत है । जीवन में मंगल और शांति का वातावरण सर्जित होता है । यदि बारम्बार ऐसे ज्ञानोपार्जन का कार्य करेंगे तो जीवन में सुख और शकुन आएगा । हमारा मुलभूत स्वभाव है ज्ञान, यह ज्ञान हमें मुक्ति दिलवाएगा ।

ज्ञान पद की इतनी सुंदर आराधना, जाप करने के बाद सेवकोने प्रभु की आरती, मंगल दीपक किया... ऐसी भावना के साथ कि यह ज्ञान का प्रकाश, हमारे सबके जीवनमार्ग को प्रकाशित करता रहे.... जीवे जीव का मंगल हो.... ।

ज्ञान पूजा के इस सत्र के बाद भोजन करके, लगभग दोपहर 2.00 बजे बस में बैठकर मुंबई की ओर प्रयाण किया ।

यह थी अद्भूत, विकासात्मक, जीवन को Quality देनेवाली, रंगीले राजस्थान की आध्यात्मिक यात्रा प्रवास । मुख्य तीन Milestone में आकार पाई हुई यात्रा ।

(1) प्रभु की अंतिम वाणी 48 घंटे की Non-Stop देशना ।
(2) पंच तीर्थ की दर्शन यात्रा ।
(3) जिनमार्ग Trekking.

इस यात्रा प्रवास के लिए परम सुख जिवन विकास केन्द्र, प.पू. गुरुदेव जो इस यात्रा के Soul थे । सभी सत्संगी, सभी के प्यारे और न्यारे सेवको का साथ और सेवा को खुब–खुब Thank You और अपने अरिहंत परमात्मा सीमंधर स्वामी.... जिनकी अखँड कृपा, सभीने इस यात्रा के दरम्यान अनुभव की । उनके चरणों में कोटी कोटी वंदन..... । इसी के साथ यह अहेवाल पूर्ण कर रही हूँ।

जीव मात्र पर प्रीत राखो अे ज प्रभु संदेश
सहु जनों थी मैत्री होजो, ना हृदय द्वेष
प्रभु तणी श्रद्धा राखी ने जलावो जीवन दीवो,
अेना शरणे जीवन सोंपी, मस्त थईने जीवो... ।

और अंत में विमलभाई राजावत परिवार की तन, मन, धन संबंध सेवा के लिए खुब खुब अनुमोदना के साथ.... ।

नमो जिणाणं ।

■

गुरुपूर्णिमा

''सारे तीर्थधाम आपके चरणों मे,
हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणों मे ।''

गुरु यांने ज्ञान का प्रकाश और यह ज्ञान का प्रकाश हमें अज्ञान के अंधकार से दुर कर पूर्णता की ओर ले जाता है अर्थात् **'गुरुपूर्णिमा'** । इस वर्ष गुरुपूर्णिमा का महोत्सव पार्ला सेंटर पर मनाया गया । हर सेवक एवं सत्संगी को इस दिन का इंतजार होता है क्योंकि इस दिन हम गुरु के प्रति विशेष अहोभाव प्रकट करते है ।

सभी सेवक उत्साहपूर्वक तैयारी मे लगे हुए थे । कोई भगवान को सजा रहा था, तो कोई पू. गुरुदेव के पाट को सजा रहा था, तो कोई तोरण बाँध रहा था, तो कोई रंगोली बना रहा था । हर कोई तैयारी में लगा हुआ था । देखते ही देखते पुरे हॉल में एक दिव्य वातावरण का अनुभव होने लगा । जैसे ही पू. गुरुदेवने हॉल मे प्रवेश किया तो ऐसा लगा कि सोने मे सुगंध मिल गई है । ऐसे दिव्य वातावरण मे द्वार पर पू. गुरुदेव के मस्तक पर तिलक लगाया गया, साफा पहनाया गया, 'गुरुजी हमारो अंतरनाद अमने आपो आशिर्वाद' इस नारे की गुंज के साथ गुरुदेव का स्वागत किया गया । तत्पश्चात् वहाँ उपस्थित सभी ने पू. गुरुदेव के चरणों का पक्षाल किया एवं आशिर्वाद प्राप्त किए । पुष्पगुच्छ एवं Card द्वारा सेवकों ने अपने भावों की अभिव्यक्ति की । इस तरह सभीने द्रव्य स्वरुप अपने अपने अहोभाव व्यक्त किए ।

'नमो जिणाणं' की धून एवं प्रभु कृपा द्वारा प.पू. गुरुदेवने ज्ञान रुपी प्रसाद बाँटने की शुरुवात की । प.पू. गुरुदेवने सबसे सवाल पूछा कि पूर्णिमा को ही क्यों गुरुपूर्णिमा मनाते है आपको पता है ? इस प्रश्न का जवाब देते हुए पू. गुरुदेवने कहा कि चंद्र की Maximum कला पूर्णिमा के दिन ही खीली होती है और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चंद्र आपके मन से जुड़ा हुआ है । यह महीने मे दो बार पूर्णता और शुन्यता की ओर जाता है । दोनों ही उपकारी है । पूर्णता यांने ज्ञान की पूर्णता और शुन्यता यांने Negativity को खाली करना । ज्ञान का प्रकाश और ज्ञान के प्रकाश की पूर्णता ही गुरुपूर्णिमा है ।

Physical गुरु के माध्यम से परमात्मा तक पहुँचना है, सिमीत नही रहना है । उनका अनुभव, उनका Connection प्रभु के साथ है । सतत् उनकी धाराएँ, उनका प्रकाश, छाया, शक्ति मिलने की संभावनाएँ है । कृपा रुपी बारिश मे गुरु हमें भिगोना चाहते है लेकिन हम शंका रुपी छाता लेकर अपने आप को उनकी कृपा से वंछीत करते है । प्रभु कृपा प्राप्त करने के लिए प.पू. गुरुदेवने धून की शुरुवात की –

''बरसत बरसत प्रभु की कृपा,
पिऊ पिऊ प्रभु की कृपा...''

आनंदविभोर होकर सभी ने प्रभु कृपा स्वीकारी । अगाथ अनंत अनंत प्रभु कृपा बरस रही है इस बात को उजागर करनेवाला मात्र गुरु है । प्रभु की पहचान करानेवाला कौन होता है ? मात्र सद्गुरु । यह सद्गुरु Live है । Live क्यों है ? क्योंकि इनके माध्यम से हम परमात्मा तक पहूँच सकते है, परमात्मा से बातचित कर सकते है, यह ताकत है गुरु शक्ति की, गुरु तत्व की अर्थात् गुरु ही हमें पूर्णता तक ले जा सकता है । गुरु ही हमे अपने घोर अंधार और घोर नींद से जगाकर वहाँ ले जा सकता है । जिसने अपने आप को इस गुरु को समर्पित कर दिया उसका कल्याण एवं मंगल निश्चीत है । समर्पण यह तिसरा Level है । पहला नमन अर्थात् अहोभाव, दुसरा शरण अर्थात् Receiving Mode में सुनना और तिसरा Level समर्पण यांने जो बताते है उसका अमल करना । सद्गुरु is the centre proint of all universe because he is the factor of this whole universe. प्रकाश देनेवाली Entity है जो परमात्मा की पहचान करवाता है, हमारे माँ–बाप की पहचान करवाता है, धर्म तत्व की पहचान करवाता है और हम अपने Day to Day Life कि परेशानियों से मुक्त होकर आनंदमय जीवन कैसे जी सकते है उसका रास्ता दिखाने वाला जो एक तत्व है वह है गुरु । वह सतत परमात्मा के साथ Connect रहता है, Hot line में रहता है और हमारा काम क्या है ? यह Step चढ़ना है ।

'अहो भाव', 'नमन भाव'

अहो भाव, नमन भाव को विशेष रुप से प.पू. गुरुदेवने समझाया और उसके पश्चात साधक नवकार मंत्र के जाप करवाए । आगे कहा परमात्मा, सद्गुरु, माता–पिता यह हमारी मुक्ति के सोपान है, आनंद का सोपान है । जब सद्गुरु बोलते है तो परमात्मा बोल रहे है । माता–पिता बोल रहे है तो यह उनकी अंदर की आवाज है । और यह हमारे मंगल के लिए ही है । आगे प.पू. गुरुदेवने तन सेवा, मन सेवा, वचन सेवा, धन सेवा एवं संबंध सेवा का महत्व समझाया । इस तरह गुरुपूर्णिमा का महोत्सव संपन्न हुआ और अंत मे ज्ञान प्रसाद के साथ साथ सभी ने गौतम प्रसादी ग्रहण की और विदा ली ।

नमो जिणाणं ।

प्रजापिता ईश्वरीय विश्व विद्यालय ब्रह्माकुमारी'स Mount Abu द्वारा आयोजित Conference में पूज्य गुरुदेव को संत स्वरुप सादर आमंत्रण

परम सुख जीवन विकास केन्द्र – मुंबई
एक कदम आगे की ओर प्रस्थान....

कदम कदम बढ़ाए जा... आगे कदम बढ़ाए जा...
अरिहंत के मार्ग में आगे कदम बढ़ा जा... ।

और परमात्मा के मार्ग को सबको बाँटते जा...
यह Vision साकार हो रहा है एक एक कदम... ।

अक्षय तृतीया की दिव्य संध्या थी, जहाँ महासत्संग और प्रभुभक्ति का आयोजन पू. गुरुदेव के निवास स्थान पर हुआ था । इसी दिन शाम को हमारी संस्था की सेविका ब्रह्माकुमारी प्रविणाबेन जो मुलुन्ड Centre चलाते है तथा ब्रह्माकुमारी से जुड़े श्री राजनभाईजी को अपने साथ यह प्रभुभक्ति योग मे जुड़ने हेतु आमंत्रण देकर अपने साथ ले आए और पू. गुरुदेव से मुलाकात करवाई । तत् पश्चात उन्होंने प्रभु भक्ति योग में भी पू. गुरुदेव की भक्ति का अनन्य स्वरुप देखा । वे काफी प्रभावित हुए । और उन्होंने निर्णय लिया की पूज्य गुरुदेव की वाणी और उनके अनुभव ज्ञान जो Scientific और Practical है, उनका परिचय ब्रह्माकुमारी'स मे भी अवश्य होना चाहिए ।

तभी जुलाई मे Mount Abu मे ब्रह्माकुमारी'स मे Religious Wing मे Conference होनेवाली थी उसकी जानकारी प्राप्त हुई और ब्रह्माकुमारी प्रविणाबहनने इस Conference मे हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया ।

यह Conference ता. 21 July 2017 से 24 July 2017 तक रखी गई थी । इसका विषय था – **Conference Cum Rajyoga Shibir on "God's Wisdom for Happiness & Peace" 'परमात्मा के ज्ञान द्वारा सुख और शांति'** यह Conference Mount Abu मे Religious Wing (RERF - Rajyog Education & Research Foundation) & Brahmakumaris द्वारा आयोजित की गई थी ।

All over India से अलग अलग संस्थानो से संत, साधु भगवंत, साध्वीजी, सतीजी, ब्रह्माकुमारी के All over World से ब्रह्माकुमारीस बहने, Delegates पधारे हुए थे ।

पू. गुरुदेव को संत स्वरुप आमंत्रित किया था । उन्हे संत की उपमा दी गई । मुंबई से पू. गुरुदेव के साथ 8 सेवक Mount Abu के लिए रवाना हुए थे । Train जब आबु रोड़ पहुँची तब वहाँ Brahmakumari's के सेवक महेमानो के स्वागत के लिए तत्पर थे । उनके संस्था की बस, गाड़ीयाँ आये हुए महेमानो को पहले शांतिवन और वहाँ से Mount Abu - Gyan Sarovar लेकर जा रहे थे ।

ता. 21 July 2017 पहले दिन Inaugration शाम को 5.00 बजे रखा गया था । जहाँ आये हुए संतो को Stage पर आमंत्रित किया गया ओर पू. गुरुदेव तथा अन्य साधु संतो के करकमल से दीप प्रगटीकरण करवाया गया । दूसरे दिन 22 July 2017 को पू. गुरुदेव का सुबह के सत्र मे Presentation था । पू. गुरुदेवने 'नमो जिणाणं' और साधक नवकार मंत्र बोलकर प्रारंभ किया ।

''नमो जिणाणं'' — आपके अंदर रहे हुए परमात्मा को नमस्कार करता हूँ, स्वीकार करता हूँ, परमात्मा स्वरुप और मेरे हृदय के अंदर Special स्थान देता हूँ ।

पू. गुरुदेवने बताया की, मैं आज आपके समक्ष एक यथार्थ और वास्तविकता के आधार पर आज के युग के अंदर विज्ञान का जो महत्व है, उस Dimension से उस Perspective से उस दृष्टिकोण से आज का विषय मैं आपके समक्ष रजू करुँगा और वो विषय मेरे जीवन के साथ यानी हमारे सबके जीवन के साथ संलग्न हो, वो ही यथार्थ हो सकता है और वो ही वास्तविक हो सकता है ।

तत् पश्चात पू. गुरुदेव ने अपना परिचय देते हुए कहा की, I belong to Scientific Community. मैं BARC के Research Centre का Scientist रहा हूँ, Applied Engineer याने Electronic Engineer रहा हूँ ।

उनका संशोधन यही रहा है की आत्मा क्या है ? परमात्मा क्या है ? भगवान क्या है ? ईश्वर क्या है ? मेरा उससे क्या ताल्लुकात् है ? यह जगत क्या है ? इस जगत का स्वरुप क्या है ? उस जगत का स्वरुप मेरे साथ क्या है ? मैं यहाँ आया हूँ क्यों ? और क्या करने आया हूँ ?

यह हमारे सब का भी विषय रहा है । पू. गुरुदेवने कहा की, एक एक लाईन मे, एक एक बात की व्याख्या याने Defination करते जाऊँगा जो मैने अपने ज्ञान से और परमगुरु की कृपा से एकत्रित किया है, वो मैं

शुभेच्छक : एक सिक्का हमेंशा आवाज करता है । पेपर का नोट नहीं, ऐसे ही जब तुम्हारी कीमत बढे तो शांत रहना सीखो ।

आपको बताने जा रहा हूँ।

पू. गुरुदेवने सबसे पहेले जिसे हम ईश्वर कहेते है, वो ईश्वर याने क्या ? ईश्वर – Scientific Perspective of Ishwar

हम सब स्वर से बने हुए है और उसका Centre Proint है ईश्वर याने के हम सब तरंग स्वरुप है । हमारी Body को हम Solid मानते है, हम Solid नही है । We are all तरंगमय, हमारी Body भी तरंगमय है, लेकिन हमे दिखता नही है ।

हमारे पास पाँच केमेरा है । जो शास्त्रीय भाषा मे इन्द्रियाँ कही जाती है, उसे Scientific दृष्टि से मैं पाँच केमेरा कहता हूँ । उसके ऊपर जो Data Management करता है उसे मैं मन कहेता हूँ और उसके ऊपर जो निर्णय लेता है उसे मैं बुद्धि कहता हूँ । याने के बाहर के जो दृश्य है वो सारा कुछ इस जगत मे दिख रहा है हमें वो और जो नहीं दिख रहा है वो दृश्यमान और अदृश्यमान यह सब ईश्वर का स्वरुप है ।

याने के हर चीज, हर जीव, हर अजीव, हर Consciousness, Unconsciousness सब कुछ अपने नियम के आधार पर चलता है और यह जो नियम का आधार है, इसीका नाम है ईश्वर । यह ईश्वर की परिभाषा हुई ।

आगे पू. गुरुदेवने भगवान की परिभाषा बताते हुए कहा की –

हमारे पहले महाराष्ट्र के महामंडलेश्वरजीने भगवान का स्वरुप बताया, जो ईन्सान के अंदर ऐश्वर्य, वैराग्य, परम ज्ञान का विकास होता है और परम सीमा तक पहुँचता है, उसे भगवान कहते है ।

तीसरा विश्लेषण याने व्याख्या –

परमात्मा – आत्मा की परम शुध्ध अवस्था –

यही है परमातम् । परमातम् – दो स्वरुप से होता है ।

(1) सगुण अवस्था स्वरुप और (2) निर्गुण अवस्था स्वरुप ।

जिसे हम शीव कहेते है, वो निर्गुण अवस्था स्वरुप होते है और जो सगुण अवस्था होती है वो गुण से सभर होती है, जो हमें दिखाई देते है, जिसे हम अवतार के स्वरुप मे कहेते है । जिन परिभाषा मे तीर्थंकर स्वरुप कहेते है । वेद परंपरा में अवतार स्वरुप कहेते है । बुध्ध परंपरा मे भी अवतार स्वरुप कहेते है ।

हमे इससे क्या ताल्लुकात है ? हमारी इनसे क्या Relationship है ? हमारा जो विषय है **''परमात्मा के ज्ञान द्वारा सुख और शांति''** । तो ये परमातम् ज्ञान क्या है ? और सुख और शांति की परिभाषा क्या है और सत्य की परिभाषा क्या है ?

सत्य दो प्रकार के होते है – एक सनातन शाश्वत सत्य – जो कल था, आज है और कल रहेगा । इसे हम परम सत्य कहेते है । और वो है यह ऐश्वर्य – ईश्वरीय व्यवस्था । उसके अंदर हम एक मात्र अंश है । We are all controlled by this law of universe याने कुदरत का कानून और यह कुदरत का कानून हम सब पर एक सरीखा लागु होता है । हम सब अंश मात्र है । अंश दो स्वरुप मे होते है –

(1) Concious स्वरुप याने चैतन्य स्वरुप जो हम है । जिसे हम नाम 'आत्मा' देते है ।

आत्मा नाम किसे देते है ?

तो आत्मा इसे नाम देते है..... जिसके पास तीन शक्तियाँ होती है, देखने की, जानने की और अनुभव करने की ।

हमारे पास देखने की, जानने की, अनुभव करने की शक्ति है ।

है के नही..... ? इसलिए हम चैतन्य स्वरुप है, हम आत्म स्वरुप है ।

अब, देखने, जानने का अनुभव कर ही रही है, लेकिन गड़बड़ कहाँ हो रही है ?

आगे, पू. गुरुदेवने इस बात पर गौर करते हुए यह समझाया की, गड़बड़ ये हो रही है के हम इस Law of Nature, कुदरत के कानून से बाहर निकल आये है ।

इन्सान के स्वरुप हमारे पास तीन स्वतंत्रता है । जो इस सृष्टि मे किसी के पास ऐसी स्वतंत्रता नही है ।

हमारे पास तीन स्वतंत्रता है । इस जगत का कोई भी भगवान भी इसके अंदर हस्तक्षेप नही कर सकते, ऐसी तीन स्वतंत्रता इन्सान के स्वरुप मे हमारे पास है.... इसलिए इन्सान भगवान बन सकता है, यह तीन स्वतंत्रता के आधार पर ।

कौनसी है ये तीन स्वतंत्रता ?

पता भी है हमे के हम स्वतंत्र है तीन स्वरुप से । और हम सारे जगत से, जीव जंतु, पशु पक्षी, वनस्पति, पृथ्वी, पाणी, अग्नि, वायु यह सबसे हम ऊपर है । क्यों ? किस आधार पर ?

हम आज इस विश्व विद्यालय के अंदर ज्ञान सरोवर के अंदर ऐसी चर्चा कर सकते है । इन्सान स्वरुप कर सकते है.... क्यों ?

क्योंकि हमारे पास तीन स्वतंत्रता है । जब हमें यह तीन स्वतंत्रता का यथार्थ स्वरुप पता चलेगा, यही यथार्थ सत्य है ।

यथार्थ और व्यथार्थ में फरक समझाते पू. गुरुदेवने आगे समझाया की,

हम बहुत कुछ जानते है । लेकिन जो काम का नही है उसे व्यथार्थ कहेते है और जो काम का है उसे यथार्थ कहेते है ।

यथार्थ से एक Step आगे जाएंगे तो गीतार्थ होता है ।

गीतार्थ वो होता है, जो जानकारी हमारा मंगल करता है, हमारे आसपास जो लोग है उसका भी मंगल करता है, उसे गीतार्थ कहेते है ।

उससे एक Step ओर आगे है... सर्वार्थ... सर्वार्थ क्या होता है ?

जो इन्सान परम लक्ष की ओर आगे बढ़ता है, परम स्वतंत्रता की ओर आगे वढ़ता है । जो शिव बनने के लिए, शिव के अंदर लीन होने के लिए अपना जीवन बीताता है... वे है परम सर्वार्थ ।

बस, इसी के लिए हम पैदा हुए है और यह हमे बार-बार स्मृति मे रखना है । अगर ये स्मृति मे रहेगा तो हमारा जीवन, अपनेआप यथार्थ बनेगा, अपनेआप गीतार्थ बनेगा और अपनेआप सर्वार्थ बनने की ओर आगे बढ़ेगा । और एक दिन हम जरुर सर्वाथ बनेंगे ।

इस परम सत्य को जीवन मे उतारने के लिए धून के माध्यम से यह वास्तविक सत्य को हम स्वीकारेंगे । पू. गुरुदेवने सबसे कहा कि चलो, हम मंत्रयोग के माध्यमसे धून के माध्यमसे हम सब परम सत्य को अपने जीवन में उतारते हुए धून गायेंगे क्योंकि ये ही हमारा परम सत्य, यथार्थ सत्य, वास्तविक सत्य है ।

पू. गुरुदेवने सभी से ताली बजाते बजाते साथ में धून गाने की प्रेरणा की....

मैं समय का प्रवासी हूँ..... (२)
मानव स्टेशन आया हूँ..... (२)
कुछ क्षणों का Credit Card लेकर मैं तो आया हूँ (२)
सत्, चित्, आनंद मेरा स्वरुप..... (४)
परमानंद बनने आया हूँ..... (४)
मैं समय का प्रवासी हूँ..... (४)
मैं सृष्टि का अंश हूँ.... (२)
सृष्टि के सारे नियम मुझ पर लागु होते है (२)
सृष्टि के सारे नियम सब पर लागु होते है (२)
तीन प्रकार की स्वतंत्रता को प्रभुकृपा से लाया हूँ (२)
स्वतंत्र विचार, स्वतंत्र निर्णय, स्वतंत्र अमल करने आया हूँ (२)
मैं समय का प्रवासी हूँ (४)
20% की स्वतंत्रता को अनंत बनाने आया हूँ (२)
मैं समय का प्रवासी हूँ.... हो... हो... हो....

तत् पश्चात पू. गुरुदेवने दूसरी बहोत ही Important बात बतायी ।

हम हमारे Day to Day life के अंदर एक ही अनुभव करते है और वो है परेशानी ।

क्या परेशानी से मुक्त होना है ?

तो अपने आप को ये याद दिलाना है, स्मृति दिलानी है –

''बोल मनवा बोल, मुझे नहीं होना परेशान (२)
के मेरा पक्का है निर्धार'' (२)

जब हम ये बोलते है के मेरा पक्का है निर्धार तब हमारे दोनो हाथ हम ऊपर करते है, ये दोनो हाथ ऊपर होते है उसे Antena कहेते है ।

इस बात पर पू. गुरुदेवने समझाया की कैसे प्रभुकृपा मिलती है ?

''जब हमारे Antena (याने दोनो हाथ) ऊपर होते है, तभी तथास्तु मिलता है । यह ईश्वर देखते है की हमने निर्णय लिया की मुझे परेशान नहीं होना है, मुझे परम स्वतंत्र बनना है ।

जब हमारे Antena खड़े होते है, हमारी इच्छा से, परम इच्छा से, तभी हम पर यह आर्शीवाद मिलते है की हम स्वतंत्र बनेंगे ।

आखिर मे समापन करते हुए पू. गुरुदेवने सारे गुरुजन, ब्रह्माकुमारी की देवीयाँ, उनके गुरुजनो और खास कर ब्रह्माकुमारी प्रवीणादीदी (Mulund Centre) जिन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था में Intorduce किया, सभी को प्रणाम करते हुए आभार व्यक्त किया ।

सभी को **अरिहंत टीवी चॅनल** तथा **Youtube.com / paramsukhtvnamojinanam** से जुड़ने की प्रेरणा की ।

और कहा की ये जो है ''परमात्मा के ज्ञान द्वारा सुख और शांति.... परम सुख और परम शांति की ओर कैसे आगे बढ़ना, उसका Scientific उपाय क्या है, Day to Day life मे कैसे जरुरी है... उसके लिए जरुर हमारा संपर्क करें.... आगे बढ़े ।

ॐ शांति... शांति... शांति....
नमो जिणाणं ।

संत स्नेह संमेलन (ता. 23-07-2017)

यह Conference के दौरान संत स्नेह संमेलन का भी आयोजन किया गया था जहाँ पधारे हुए सारे संत-साध्वीजीयों तथा ब्रह्माकुमारी दीदीयाँ तथा दूसरे वक्ता मोजूद थे और उन सभी को अपना अनुभव Share करना था ।

पू. गुरुदेव (संत स्वरुपी) अपना अनुभव अपना मंतव्य Share करते हुए,

पू. गुरुदेवने सौ प्रथम प्रभुकृपा से शुरुआत की ।

''आप सबके अंदर रहे हुए शिव परमात्मा को मैं नमस्कार करता हूँ । आप सब की सेवा करने के लिए मैं तत्पर हूँ । यही शिवबाबा की आज्ञा है और इसीसे मेरे सर्व दोषो का नाश हो । मैं स्वयं शिवत्व को प्राप्त करुं ऐसी कृपा हम सब पर बरसे । अत्र, तत्र, सर्वत्र आप यथायोग्य हो, व्यवस्थित हो । आप सबका मंगल और कल्याण हो ।''

नमो जिणाणं ।

पू. गुरुदेवने कहा,

ये ''**वसुधैव कुटुंबकम्**'' गीता के अंदर जो बताया गया है और

महावीर परमात्माने एक Step ओर आगे बताया **''परस्परोपगृह जीवानाम्''** याने के हम सब एक दूसरे के ऊपर निर्भर है, ये वास्तविकता है। हरेक जीव अनेक लाखो करोड़ो जीव के ऊपर निर्भर है, ये एक परम सत्य है । और जो ये परम सत्य को स्वीकारता है, उसी प्रकार जीवन बनाता है, उसीका अभ्यास करता है वो शिवत्व को प्राप्त करता है ।

आगे पू. गुरुदेवने बताया की, यही माहोल प्रगट करने के लिए आज से 12 साल पहेले ऐसा निर्णय जाहिर किया था और उस निर्णय के साथ **''परम सुख जीवन विकास केन्द्र''** नामक Trust संस्था की स्थापना की ।

यहाँ पर हम सहज आ गए है, जो हमने कल्पना की थी, जो निर्माण करने की, जो जगत निर्माण करने की, क्योंकी आज के जगत को ये पैगाम पहुँचाना बहोत आवश्यक है । आज का जनमानस इतना सीमित है, वो खुद को भी नही देख सकता । 5 minutes के अंदर मुझे जो चाहिए उसके आगे उसको दिख ही नही रहा इतना Short Vision है ।

हमारी भारतीय परंपरा के अंदर **''वसुधैव कुटुंबकम् और परस्परोपगृह जीवनाम्''** का ये जो Vision है, शिवत्व का जो Vision है, हम एक ही परिवार है, वो Vision आज की तारीख मे, सारे जग के सारे Solutions इसीके अंदर है ।

ये ज्ञान सरोवर नही है ये मानस सरोवर है ऐसा मैं कहेता हुँ क्योंकी मानस को जो बदल सकता है वो मान सरोवर है । ज्ञान के आधार पर मानस को बदलना यही आज की Modern World की खास जरुरत है ।

जो सपना मैने सजोया था 12 साल पहेले वो आज मैं साकार स्वरुप मे देख रहा हूँ । February महिने मे हमने हमारा सारा Vision 2025 के अंदर मैने जो प्रगट किया है वो ही मैं यहाँ साकार स्वरुप मे इन देवीओ के माध्यम् से देख रहा हूँ ।

हम सब एक है, हम सब परिवार एक है । इन्सान के बनाए हुए धर्म संप्रदाय का लक्ष एक ही है और यह है 'परम सत्य' को प्राप्त करना । यह जो हमारे Young generation से लेकर बुजुर्गो तक सबके अंदर यह भावना प्रगट हो और यही भावना का संवर्धन बार बार किया जाए, ऐसा एक मैदान खड़ा हो और वहाँ सब आकर गंगास्नान करे इस सरोवर मे और अपना मानस बदले । बस, ऐसा मान सरोवर मानस सरोवर मानस को बदलनेवाला सरोवर ऐसा मैने चाहा है ज्ञान सरोरवर मे । ऐसा एक सरोवर नही मुझे तो लगता है ऐसे ज्ञान के मानस सरोवर हर District मे खड़े होने चाहिए, भारत के अंदर और हर State मे होने चाहिए । यह मेरा खुद का Vision है जो मैने प्रगट किया ।

2012 के अंदर हमने ये Broadcast किया था । TV और Internet पर जिसका उद्घाटन हमने February 2017 मे किया ।

हम भी आपके साथ एसी हमारी भावना है और ये आगे बढ़े ऐसी भावना.....।

यह सेमिनार Conference और संत स्नेह संमेलन के बाद पू. गुरुदेव के साथ सभी सेवकोने इस ज्ञान सरोवर के अलग अलग 18 Wings (Department) की मुलाकात ली । ब्रह्माकुमार नीलेश भ्राताजीने साथ मे रहकर सब कुछ बताया अलग अलग Wings के लोगो से मुलाकात करवाई ।

Thank you BK Nileshbhai
Thank you BK Pravinaben

ऐसे ही अलग अलग Wing की Visit करते हुए हम पहुँच गए SPARC Wing मे । (SPARC - Spiritiual Applications Research Centre) जहाँ हम BK श्रीकांतजी और BK त्यागराजनजी से मिले ।

पू. गुरुदेव के साथ मुलाकात करके वे काफी प्रभावित हुए । BK रामनाथजी जो Religious Wing के मुख्य सेवक है उन्होंने भी SPARC Wing की मुलाकात करने के लिए खास कहा था ।

तभी हमे वहीं बताया गया की सितंबर मे भी SPARC Wing ने Conference - Seminar आयोजित किया है । तभी उन्होंने इस Conference में Participate करने के लिए पू. गुरुदेव को As a Speaker आमंत्रित किया ।

नमो जिणाणं ।

Thank You. God Bless You.

Conference में पधारे हुए संतो के अनुभव

अमृतसर से आये हुए **संत श्री रघुबीर सिंगजी**ने समापन समारोह मे यही कहा की,

जो संतने बताया की,

''मैं समय का प्रवासी हूँ, मानव स्टेशन आया हूँ, कुछ समय का Credit Card लेकर आया हूँ, सत्त चित्त आनंद मेरा स्वरुप है, परमानंद बनने आया हूँ । मैं सृष्टि का अंश हूँ''

यह बहुत ही बड़ी बाते है । इसीको जीवन मे उतारना है । Total Transformation करना है । तनावमुक्त समाज, नशामुक्त समाज की रचना करनी है ।

श्री रघुबीर सिंगजीने यह बताया की, इसे मैं पूरे अमृतसर मे बाटुँगा । मैं बहोत ही Fresh हो गया । चेहरे पर चमक आ गई ।

जैसे श्री रघुबीर सिंगजीने अनुभव सबसे Share किया वैसे ही आये हुए मूर्तिपूजक संप्रदाय के **पूज्य अरविंदमुनी म.सा.** पटियाला से आये

हुए थे । उन्होंने भी काफी सराहा पूज्य गुरुदेव की वाणी को । काफी प्रभावित हुए । कई लोग ने पू. गुरुदेव को 'ब्रह्माबाबा' की उपमा दी । आणंदी से आये हुए वारकरी संप्रदाय के कीर्तनकार **श्री सुभाषभाऊ और उनके Group** ने अनुमोदना करते हुए कहा की, 'खरोखरच हे च सत्य आहे. आम्हाला खूप काही नवीन नवीन समझलं. आम्ही पूर्ण आणंदीच्या लोकांना सांगणार.'' श्री सुभाषभाऊ पर्युषण – 2017 मे भक्तियोग के दिन पधारे हुए थे । दो दिन उन्होंने पर्युषण का लाभ लिया । भक्तियोग के दिन उन्होंने अपना व्यक्तव्य भी सबके सामने प्रस्तुत किया ।

SPARC Wing Conference

पूज्य गुरुदेव पंकजभाई को ब्रह्माकुमारी'स से Conference मे as a Spiritual Scientist निमंत्रण

11th SIR (Spirituality In Researchers) Conference & Meditation Retreat on "Inner Resilience to Outer Agility" from 15th September to 19th September 2017 at 'Gyan Sarover - Maunt Abu.'

Organised & Hosted by :
SPARC (Spritiual Application Research Centre) Wing

आप सभी को यह बताते हुए आनंद हो रहा है और गर्व भी महेसूस हो रहा है की '**परम सुख जीवन विकास केन्द्र**' एक एक कदम सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है ।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीस ईश्वरीय विश्व विद्यालय – Mount Abu की ओर से पूज्य गुरुदेव को SPARC Wing की ओर से as a Spiritual Scientist निमंत्रण भेजा गया ।

पू. गुरुदेव तथा अन्य सेवक मुंबई से ता. 14th September 2017 को रवाना हुए । साथ मे ब्रह्माकुमारी प्रवीणादीदी भी आये हुए थे ।

ता. 15th September 2017 को शाम को Inaugration का कार्यक्रम रखा गया था । जिसके अंदर आये हुए महेमानो का स्वागत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था । जो भी विशेष महेमान थे, Speaker थे उनके करकमल से दीप प्रगटीकरण करवाया गया ।

दूसरे दिन सुबह के पहेले सत्रमे ही पू. गुरुदेव का Presentation रखा गया था । BK विनयभाई पंडयाने पू. गुरुदेव का बड़े विस्तार से Introduction दिया और उन्होंने यह इच्छा दर्शाइ की पूज्य पंकजभाई के मुखारविंद से नवकार मंत्र का स्मरण हो ।

पू. गुरुदेवने सभी को 'नमो जिणाणं' कहेकर पहेले प्रभुकृपा करवाई ।

'नमो जिणाणं'

आपके अंदर रहे हुए परमात्मा को वंदन करता हूँ, स्वीकारता हूँ और मेरे हृदय मे Special स्थान देता हूँ ।

Started process of Practical Spirituality through Mantra Yog.

साधक नवकार मंत्र

नमो अरिहंताणं ।
नमो सिध्धाणं ।
नमो लोए सव्वसाहुणं ।
नमो सव्व धम्माणं ।
नमो लोए सव्व जीव अजीवाणं ।
एसो पंच नमुक्कारो ।
सव्व कम्मपणासणो ।
परम मंगल सव्वेहीं ।
पढ़मं होई मंगलम् (२)

नमस्कार हो परम पुरुष परमेश्वर को, आपने हमे जो प्रकाश दिया है, आपको हम भावपूर्वक समर्पण करते है ।

सर्व मुक्त, परम मुक्त सिध्धत्व को प्राप्त करनेवाले, शिव स्वरुप को प्राप्त करनेवाले सर्व आत्माओ को भावपूर्वक नमस्कार करते है । आप ही की कृपा से हम सब व्यवस्थित है, जहाँ है आपकी कृपा से है ।

सर्व साधु परमात्मा, जो इस परम मंगल को प्राप्त करने के अंदर पुरुषार्थमय है, आप ही हमारे प्रेरणाबल हो, ज्ञानबल हो, मुक्तिबल हो ।

आप सबको हम भावपूर्वक समर्पित कर रहे है । समस्त जगत का धर्मतत्व यही मेरा आधार है । आप ही के आधार पे, आप ही की कृपा से आप ही के बल स्वरुप हम है ।

हम सब पर कृपा करो..... ।
हम सब परम मुक्ति की ओर आगे बढ़े,
आपके बताए हुए लक्ष की ओर आगे बढ़े,
ऐसी हम सब पर कृपा करो....

समस्त सृष्टि के जीव अजीव के लोग आप सबको भावपूर्वक नमस्कार करते है । मेरा मित्रभाव है । आप सब मेरे मित्र है और रहेंगे, यह मेरा वैयक्तिक निर्णय है । परमात्मा की कृपा से लिया है ।

आप सभी ऐसा निर्णय ले ऐसी मैं प्रार्थना करता हूँ।

आप पाँचो को मैं समर्पण करता हूँ। आप पाँचो के समर्पण से ही मैं सर्व दोष, सर्व कर्म, सर्व अशुभ कार्यो का नाश करूँगा। और परम मुक्ति को प्राप्त करूँगा। आप सबका मंगल हो.... कल्याण हो.... आप जैसे हो वैसे मुझे आप स्वीकार हो.... स्वीकार हो.... स्वीकार हो..... ।

नमो जिणाणं ।

प्रभुकृपा के बाद पू. गुरुदेवने प्रभुकृपा का महत्व समझाया।

रोज सुबह उठते ही ऐसे पाँच महाविभूतियों का शरण और समर्पण करना है।

तत् पश्चात पू. गुरुदेवने कहा की, आज हमने BK उषाबहेनजी के मुख से जो कुछ भी सुना, Connectivity of Yog.... Yog शुरु हो गया।

Connectivity with Infinity.

Connectivity with that iternal on whose base of our existes.

हमारा अस्तित्व जिसके ऊपर निर्भर है इस पाँच विभूतियों के माध्यम से हम Connect होते है, इस Divine World के अंदर।

रोज सुबह उठकर इस प्रकार जो Connect होता है उसे योग कहेते है।

उस योग के बाद Second Stage है उपयोग।

उपयोग क्या है?

Instant Constant Awareness.
Instant Constant Meditation.
Meditation of What?
Meditation of Who I am?
Meditation for What I am existing on this earth.

मैं इस दुनिया में क्यों आया हूँ? ये लक्ष रहे, जागृति रहे और मुझे कार्य क्या करना है? हर क्षण जीवन के सारे व्यवहार करने है। इन्सान बने है, घर चलाना है, जीवन चलाना है, व्यवहार करना है, बोलना है, चलना है, उठना-बैठना है।

Everything has to be done. Nothing is seperate from our living. It is part of living.

जिस दिन से हम इस प्रकार की उपयोगमय जीवन जीने की व्यवस्था बनाएँगे....... । उपयोगमय कैसे बनाना है?

इसे समझाते हुए पू. गुरुदेवने आगे बहोत ही हृदयस्पर्शी बाते बताई।

पू. गुरुदेवने कहा, आज इसको मैं Short मे, संक्षिप्त मे मंत्र स्वरुप आपको दो मंत्र दुँगा, जो हम सब साथ मे बोलेंगे।

यह धून स्वरुप है, संगीत स्वरुप है।

सबसे पहेले हमने जो परमात्मा से Connection लिया वो रोज सुबह उठकर करना है। और हर क्षण जीवन मैं कैसे गुजारूँगा?

उसके अंदर दो निर्णय लेने है.... मंत्र स्वरुप।

पहेला निर्यण –

''बोल मनवा बोल, मुझे नहीं होना परेशान.... (२)
के मेरा पक्का है निर्धार (२)
मुझे नहीं होना परेशान....''

(जब हम मेरा पक्का है निर्धार बोलते है तब दोनो हाथ ऊपर करते है, यह दोनो हाथ ऊपर उठते हे उसे Antena कहा है।)

पू. गुरुदेवने कहा ''ये दो Antena है और जो Antena ऊपर करेंगे उसे तथास्तु मिल जाएगा।''

दूसरा मंत्र –

दिनभर मे हम जिससे भी मिले तब यह मंत्र मन मे बोलना है।

''आप कैसे भी हो, I Love You (4)
I Love You, I Love You, I Love You
Because of You (2)

रोज सुबह यह दो मंत्र और दिनभर कैसे जीना है?

जो मिले उसे **''नमो जिणाणं''**। मन से उसे परमात्मा स्वरुप स्वीकारना है। जब हमने उन्हे परमात्मा स्वरुप स्वीकारा तो उनके अच्छे बुरे गुण अवगुण हमारे Screen से Automatic हट जाएंगे।

मन के अंदर दो निर्णय लेने है,

''मुझे नहीं होना परेशान''

और दूसरा निर्णय,

''आप कैसे भी हो, I Love You''

फिर धंधा शुरु कर दो। फिर कामकाज शुरु कर दो। जो करना है वो शुरु करो।

ये दो निर्णय Constant चलने चाहिए और कामकाज पूरा होते ही वापस Fullstop लाना है।

नमो जिणाणं। मन मे वापस 3 निर्णय लेने है। 3 Messages भेजने है। Silent Message, मौन Message.

"I Love You,
I Thank You,
God Bless You."

जब हम बिछड़ेंगे, बिछड़ने के समय Fullstop लाना है। क्योंकी हमारी आदत क्या है?

जो भी हमारे व्यवहार के अंदर Differences होते है, वो हम Carry forward करते है। Am I right?

लोगो को Judge करने में अपना समय खराब मत करो।

Yes. We always do this. Personal Likes & Dislikes always carry forward of all Individuals about all objects.

वस्तुएँ भी हम वापरते है, उसके बारे मे भी हम Likes Dislikes एकत्रित करते है । हम Garbage bin बन चुके है ।

इस Garbage bin मे से मुक्त होने का ये प्रयोग है । It is Spiritual Application Applied Spiritually.

Instant Constant Yog.

Instant Constant उपयोग । This is dynamic meditation. प्रयोग पर प्रयोग करते रहना है । जो भी इन्सान मिले, जो भी हम वस्तुएँ उपयोग करने के लिए ले यह तीन Process, तीन प्रयोग करने है ।

चलिए, वापस तीन प्रयोग करते है ।

प्रयोग नं. (1) – नमो जिणाणं । याने हम परमात्मा स्वरुप उस व्यक्ति को, वस्तु को, Situations (परिस्थिति) को स्वीकारते है ।

इस दुनिया मे हमारे पाँच Contact Points है ।

व्यक्ति, वस्तु, परिस्थिति, जीव, परमाणु ।

यह पाँचो के साथ हमे तीन व्यवहार करने है ।

जो भी हमे मिले संपर्क के समय ''नमो जिणाणं'' । परमात्मा स्वरुप स्वीकारना, उनको हृदय के अंदर Special स्थान देना ।

जब बिछड़े, वापस '**नमो जिणाणं**' ।

'I Love You, I Thank You, God Bless You'.

This is the formula.

अंत मे पू. गुरुदेवने समापन करते हुए कहा **If you are interested meet me on Arihant TV Channel, meet me on Youtube.com / paramsukhtvnamojinanam or Joint Science of Divine Living on facebook.**

We can meet again, any time, any where in PSJVK. We are creating awareness in 150 countries on world level.

I invite you all to join this Bandwagon of Scientific Presentation of Applied Spirituality.

Namo Jinanam.

यह Presentation एकदम हृदयस्पर्शी रहा । सबके दिल को यह बाते छू गई । सभी कहे रहे थे Yes, this is reality. This is truth.

वहाँ जो भी Guest आए थे सब बड़े बड़े Scholars, Scientists, Ph.D, Doctors सभी को लगा की यह ही Science है यह Practice मे लाने से, जीवन मे Impliment करने से हमारा जीवन सार्थक होगा ।

सब आतुर थे पू. गुरुदेव से Personally मिलने के लिए और अपने जीवन के जो भी Issues थे उसका Solution पाने के लिए ।

काफी लोग पू. गुरुदेव से Personally मिले । उन्होंने अपने जीवन की समस्याएँ, मन मे उठते सवाल, Jainism क्या है ? इसके बारे मे Questions पू. गुरुदेव के सामने रखे । और सभी ने अपने प्रश्नो का पूरा समाधान पाया ।

ब्रह्माकुमारी अलकादीदी, ब्रह्माकुमारी छायादीदी, ब्रह्माकुमारी उषादीदी सभी पू. गुरुदेव का सत्र सुनकर काफी प्रभावित हुए ।

आगे मिलते रहे, ऐसी सभी ने भावना व्यक्त की ।

नमो जिणाणं ।

Thank You. God Bless You.

'परम सुख जीवन विकास केन्द्र'की एक नयी सिध्धी – नया अभियान स्कूल/कॉलेज के विद्यार्थीओंकी Special शिबीर रानी गाँव – वरकाणा (राजस्थान)

स्कूल और कॉलेज के छात्रो के लिए Scientifically जीवन कैसे जीना, हर वक्त Enjoy कैसे करना ? पढ़ाई के Stress, Tension से कैसे दूर होना ? Friendship कैसे करनी है ? Exam के समय जो भय होता है उसे कैसे दूर करे ? Depression से बाहर कैसे आएँ ? हर वक्त Fresh कैसे रहना ?

इन विषय (सवालो) पर **राजस्थान मे खीमेल (रानी गांव) मे स्थापित मरुधर महिला विद्यापीठ मे तथा वरकाणा पार्श्व महाविद्यालय वरकाणा** मे दो–दो सत्र की शिबीर का आयोजन किया गया था ।

इसकी शुरुआत कहाँ से हुई ? कैसे हुई ?

दिवाली के दरम्यान इस साल Non-stop 48 hours देशना का आयोजन राजस्थान मे राता महावीर तीर्थ हथुंडी मे तथा जिनमार्ग Trekking का आयोजन वरकाणा तीर्थ मे हमारे सेवक श्री विमलभाई राजावत परिवार के सीजन्य से हुआ था । इसकी पूर्व तैयारी के लिए पूज्य गुरुदेव और अन्य सेवक वहाँ गये थे । जहाँ श्री कपूरभाई जो राजावत परिवार के स्वजन है और वरकाणा तीर्थ और दादाई तीर्थ मे अपनी सेवाएँ दे रहे है । वो भी पूज्य गुरुदेव के साथ सेवा मे लगे हुए थे ।

वरकाणा तीर्थ मे श्री कपूरभाईने श्री फत्तेहचंदजी रांका (श्री वरकाणा पार्श्व विद्यालय के President है) और श्री चांदमलजी हिंगड (जो Secretary है) की मुलाकात पूज्य गुरुदेव से करवाई ।

पूज्य गुरुदेव के साक्षात् स्वरुप दर्शन करके वे बहोत ही आनंदित हो गये । वे पूज्य गुरुदेव को अरिहंत टी.वी. के माध्यम से जानते थे और रोज टी.वी. पर सुनते भी थे ।

उसी दिन वरकाणा पार्श्व विद्यालय मे एक छात्रा जो BCA मे पूरे राजस्थान मे Top आई थी उनका सन्मान समारोह भी था । श्री फतेहचंदजी और श्री चांदमलजीने यह छात्रा का बहुमान पूज्य गुरुदेव के हस्तक हो ऐसी भावना जताई । पूज्य गुरुदेव के करकमल से उस छात्रा का सम्मान हुआ ।

तभी यह तय किया गया की यहाँ एक शिबीर का आयोजन होना चाहिए ।

ऐसे मरुधर महिला विद्यापीठ मे 2 सत्र 7th Std. से लेकर कॉलेज की छात्राओ तक के लिए रखे गए । और वरकाणा पार्श्व महाविद्यालय मे 2 सत्र अंग्रेजी माध्यम के Students के लिए और दो सत्र हिन्दी माध्यम के Students के लिए रखे गए थे ।

प्रभुकृपा हुई । स्कूल और कॉलेज के तकरीबन 1000 Students ने दोनो विद्यालयो मे यह शिबीर का लाभ लिया ।

मरुधर महिला विद्यालयमे सत्र की शुरुआत स्कूल की छात्राओके स्वागत गीत से हुई ।

School की प्रिन्सीपालने पू. गुरुदेव का सबसे परिचय करवाया ।

पूज्य गुरुदेवने ''नमो जिणाणं । आपके अंदर रहे हुए परमात्मा को नमस्कार करता हुँ, स्वीकार करता हुँ और मेरे हृदय मे Special स्थान देता हुँ ।'' कहकर प्रारंभ किया ।

पूज्य गुरुदेवने सबसे प्रश्न किया,

''आज का दिन कैसा है ?''

सबने कहा, ''अच्छा है ।''

पूज्य गुरुदेवने कहा, ''आज का दिन अद्‌भूत है ।''

जो रोज सुबह उठकर अपने आपको Wish करता है,

''आज का दिन अद्‌भूत है ।

It is a wonderful Day.''

और भगवान को Thank You कहेता है उनका दिन Autometic व्यवस्थित बन जाता है ।

हमे जो भी जीवन मिला है, वो भगवानने दिया है ।

सबसे पहेले हमे रोज सुबह उठकर तीन निर्णय लेने है ।

"It is a Wonderful Day. आज का दिन अद्‌भूत है । Come what may I will enjoy. कुछ भी हो जाए मैं आनंद मे रहुँगा । Came what may I will Smile. कुछ भी हो जाए मैं हंमेशा मुस्कुराता रहुँगा । Thank You God."

पूज्य गुरुदेवने आगे समझाते हुए कहा रोज सुबह उठकर सबसे पहेले ईश्वर को Thank You.

क्यों ?

क्योंकी उन्होंने हमे नया जीवन दिया है, एक दिन का Extension दिया है । मैं धन्य हो गया । Thank you very much.

पू. गुरुदेवने जन्म दिन का महत्व समझाते हुए कहा, हररोज हमारा नया जन्म होता है ?

कैसे ?

रात को जब हम सोते है तब हमे कुछ पता नही होता सिर्फ हमारी सांसे चलती है । क्या हमे पता है कि सुबह हमारी आँख खुलेगी ? नहीं ना....!

इसलिए जब सुबह प्रभुकृपा से हमारी आँखे खुलती है, तो हमारा नया जन्म हुआ ना....!

इसलिए Everyday is new Birthday, New opportunities, New fresh life.

जब हम सुबह उठते है तो Fresh होते है या Tension मे.... ?

पूरे दिन का Tension, स्कूल जाने का Tension, पढ़ाई का Tension, न जाने क्या Tension..... हम हमेशा कल के आधार पर आज जीते है ।

Birthday याने नई शुरुआत । नया अवसर मिलता है । कल की कहानी को भूल जाना है ।

इसलिए रोज सुबह उठकर **3 Whatsapp** करने है.... हाथ ऊपर करके ।

"It is a Wonderful Day
come what may I will enjoy
Come what may I will smile"

जो ये तीन Whatsapp रोज सुबह करेगा वो Fresh अपनेआप हो जाएगा ।

यह Whatsapp के बाद **3 महान हस्ती** को Thank you कहेना है ।

1 ला शुक्रिया – Thank You - परमात्मा को, ईश्वर को ।

जिन्होंने हमे नया जीवन दिया है ।

2 रा Thank You - Live God को

Live God याने माता–पिता को । माता–पिता ईश्वर के ही अवतार है । मरते दम तक हमारे लिए अपना जीवन कुरबान करते है । बिना कारण वे हमारे लिए सबकुछ करते है । माता-पिता के पैर छुकर Thank you बोलना है । माता–पिता को Thank you यांने परमात्मा को Thank You बराबर है ।

परमात्मा हमारा सारा दिन Wonderful अद्‌भूत बनायेंगे ।

शुभेच्छक : **जिंदगी उस पल से ही अच्छी होना शुरु हो जाती है जिस पल से तुम माफ करना शुरु कर देते हो ।**

3 रा Thank You - पू. गुरुजन को

गुरुजन हमारे तीसरे नंबर के God है ।

गुरु का अर्थ क्या ?

जो हमारे अंदर रहे हुए अँधकार को, अज्ञान को मिटाते है ।

यह तीन Whatsapp और तीन हस्ती को Thank you की बाते सुनकर सारे Students, प्राध्यापक, प्रिन्सीपाल बहुत ही प्रभावित हुए । एक एक बात पर करताल ध्वनि से अपना उत्साह सभी प्रगट कर रहे थे।

सभी को बहुत ही आनंद हो रहा था । सभी एक टस गुरुदेव की बाते सुनने मे मग्न थे ।

आगे पूज्य गुरुदेवने बताया, हमारा जीवन ज्ञान से समृध्ध होता है। रोज हमे Smile करने की Practice करनी है । जब हम अंदर से खुश रहेते है तो अपने आप चहेरे पर Smile आती है । बिना कारण खुश रहेना है । बिना कारण लोगो से घुलमिल जाना है । जो कारण ढुँढ़ते है वो 98% नाखुश रहेते है ।

बिना कारण अंदर की खुशी चाहिए ?

रोज सुबह उठकर परमात्मा को तीन WhatsApp Message करना है ।

वसुधैव कुटुंबकम् यांने संपूर्ण सृष्टि एक परिवार है । भगवान सारी सृष्टि को एक परिवार कहेते है ।

माता–पिता, गुरुजन सब चाहते है की हम खुश रहे, आगे बढ़े । माता–पिता चाहते है की उनके बच्चे हंमेशा हंसते रहे ।

हमारे चहेरे पर भी Smile रहेगी तो Teachers हमारे नजदीक आयेंगे ।

रोज हमे खुद को Happy Birthday करना है । Birthday है तो Cake भी चाहिए ।

Cake याने हमारी Smile.

सबके अंदर Bubbling Energy है ।

जितने हम तर्क (बुध्धि) से सोचेंगे, Choices Belief system. मान्यताएँ बढ़ जाती है, उतनी नाराजगी बढ़ती है और Smile कम हो जाती है।

सबको अपना बनाने के लिए झुकना पड़ता है, जो झुकेगा वो ही Smile कर पायेगा ।

इसके लिए 3 Whatsapp Message और 3 Thank You की आदत डालनी है ।

- ईश्वर को Thank you.
- माता–पिता को Thank you, God bless you.
- जो गुरुजन है उनको भी Thank You, God bless you.

गुरुजी जब Class मे आते है तो उनके पैर छुना है । या हम जहाँ खड़े है वही जमीन को छुकर पैर पड़ना है ।

प्रत्यक्ष है उनके पैर छुना है और जो अप्रत्यक्ष है उनको दिल से झुकना है ।

भगवान आपके अंदर असीम असीम कृपा करे । ऐसे आशिष देना हे माता–पिता तथा गुरुजन को ।

आगे पूज्य गुरुदेवने यह समझाया की हम नाराज क्यों होते है ? हम परेशान क्यों होते है ? इसके कारण क्या है ?

हमारे अंदर सब चीज के लिए Opinions है । हमे लगता है की हम जैसे कहे वैसे सब चले । ये ऐसा होना चाहिए, उसे ऐसा करना चाहिए, इत्यादि । लेकिन वैसा नही होता । हम हर चीज के लिए अभिप्राय बाँध लेते है । जब ऐसा नही होता तब नाराजगी पैदा होती है । हम परेशान होते है ।

नाराजगी का कारण क्या है ?

नाराजगी का कारण अभिप्राय, मेरे खुद के अभिप्राय, मेरी खुद की Belief System. हमारी मान्यता ही हमे दुःख देती है ।

नाराजगी से मुक्त होने के लिए क्या करना है ?

''बोल मनवा बोल, मुझे नहीं होना परेशान (२)
मेरा पक्का है निर्धार (२), मुझे नहीं होनापरेशान
बोल मनवा बोल....
मैं स्वतंत्र जरुर बनुँगा....
मैं श्रमण जरुर बनुँगा....
मैं निर्ग्रंथ जरुर बनुँगा....
मैं भगवान जरुर बनुँगा....
मैं अनंत जरुर बनुँगा....
बोल मनवा बोल

और जब भी हम उदास होते है तो परेशानी से मुक्त होने का गीत –

''आप कैसे भी हो, I love you (2)
I love you, I love you,
I love you, because of you (2)
I love you inspite of you
आप सच्चे हो, I love you
आप जुठे हो, I love you
आप अच्छे हो, I love you,
आप बुरे हो, I love you
आप कैसे भी हो, I love you.''

ये दो मंत्र को सफल बनाने के लिए प्रभु की कृपा लेनी है, जो कृपा लेगा वो हमेशा Smile करेगा ।

तत्पश्चात पहेले सत्र के अंत मे पूज्य गुरुदेवने हमारे अंदर जो Negative Vibrations जैसे भय, चिंता, Stress, Tension है उसे कैसे निकालना, उसका Process बतलाया.... मंत्र द्वारा ।

सबसे पहेले तो हमारे शरीर के अंदर Negative Vibrations कहाँ होते है ?

सिर से लेकर घुटने तक Negative Vibrations रहेते है । उसे निकालने के लिए पहेले दोनो हाथ उपर करके प्रभु की कृपा लेनी है, फिर दोनो हाथो को नीचे की तरफ ले जाते हुए 'नमो जिणाणं' बोलना है । और फिर जैसे जाडु मारते है ऐसे हाथो को घुटने से बाहेर की तरफ ले जाकर 'जिअ भयाणं' बोलना है ।

''नमो जिणाणं, जिअ भयाणं,
नमो जिणाणं, जिअ भयाणं.''

जब जिअ भयाणं बोलेंगे तब Negativity को झाडु मारना यांने बाहर निकालना है ।

ऐसे दोनो विद्यालय – मरुधर महिला विद्यालय (खीमेल) तथा वरकाणा पार्श्व विद्यालय (वरकाणा) मे हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम मे एक एक सत्र का समापन हुआ ।

सारे Students और प्राध्यापक उत्सुक थे दूसरे दिन के सत्र के लिए ।

दूसरे दिन वरकाणा पार्श्व विद्यालय मे वहाँ के CEO श्री सुशील चौधरीजीने पू. गुरुदेव को तिलक करके माला पहनाकर और शाल पहनाकर पू. गुरुदेव का स्वागत किया ।

पू. गुरुदेवने पहेले प्रभुकृपा करवाई । अगले दिन के सत्र का Revision करवाया । जो नये आये थे उनको समझाया ।

तत्पश्चात पू. गुरुदेवने Divine Love क्या होता है यह समझाया ।

''आप कैसे भी हो, I Love You'' यांने हमे सबसे बिना कारण प्रेम करना है । कोई हमसे बाते करे ना करे, कोई मुस्कुराये ना मुस्कुराये, हमारा काम करे ना करे, हमारा प्रयास हमेशा मैत्री का ही रहे इसे Divine Love कहेते है, बिना कारणवाला प्रेम ।

खाली I love you खतरनाक है । इसमे आप कैसे भी हो आ गया तो Divine बन गया ।

बिना कारण का प्रेम भगवान महावीरने सारे जगत को बताया हे ।

महावीरने संदेश दिया है –

'बिना कारण सबसे प्रेम करो''

मैत्री भाव का पवित्र झरना मेरे हृदय मे बहेता रहे,
शुभ हो यह सकल विश्व का ऐसी भावना नित्य रहे

ऐसी मैत्री हम सबसे करेंगे तो जीवन मे अवश्य खुशी आएगी ।

लोगो को कैसे मिलना है ?

जब हम किसी से मिले तो उनका 'नमो जिणाणं' से स्वागत करना है ।

हमारे जीवन मे हम तीन चीजो से Constantly संपर्क मे आते है – व्यक्ति, वस्तु, परिस्थिती ।

इन तीनो का ''नमो जिणाणं'' से स्वागत करना है ।

जगत को परमात्मा स्वरुप स्वीकारना है । परमात्मा स्वरुप स्वीकारेंगे तो जगत भी व्यवस्थित चलने लगेगा ।

हमारे जीवन मे हम झमेला खड़े करते है । झमेला से भरा हुआ है हमारा जीवन इसलिए हम परेशान रहेते है ।

झमेला से 'ज' निकालेंगे तो 'मेला' बन जाएगा । क्योंकी हम दिमाग को ज्यादा वापरते है इसलिए झमेला होता है ।

दिल का उपयोग करेंगे तो जीवन मेला बन जाएगा ।

यही फर्क है, दिल और दिमाग का ।

अब

पढ़ाई कैसे करनी है ?

हमे पता ही नही है की कैसे पढ़ना है, कैसे शुरुवात करनी है ?

हम Tension मे रहते है ।

यह Tension भगाने के लिए Attention मे आना है । Systemetic Planning करनी है ।

''आज का दिन अद्भूत है ।
Come what may I will enjoy,
Come what may I will always smile.''

यह Attention है । यह काम करने के लिए ही हम आये है ।

''नमो जिणाणं, जिअ भयाणं''

कृपा लेने से हम Right Decision ले सकते है । स्कुल / कॉलेज मे हमे Syllabus, Time Table दिया जाता है । हमे पहेले से मानसिक तैयारी करनी है । Syllabus पहेले से पढ़ लेना चाहिए । पढ़ाई को अलग–अलग हिस्से मे बाँटना है ।

As a Student हमें क्या करना है ? हमारा Approach कैसा होना चाहिए ?

सबसे पहेले किताब को ''नमो जिणाणं'' कहेना है । और किताब जिसने लिखी है वो लिखनेवाले को भी ''नमो जिणाणं'' करना है । क्योंकी किताब ज्ञान है और लिखनेवाले ज्ञानी है ।

इसका Magic ये हे कि अगर हम ''नमो जिणाणं'' बोलकर किताब खोलेंगे तो हमारे लिए जो Important Page होगा वही खुलेगा ।

शुभेच्छक : **तुम्हारा सबसे अच्छा शिक्षक तुम्हारी गलतियां है ।**

अगर हम पूरी किताब ना भी पढ़े, किताब को 'नमो जिणाणं' किया, किताब को भगवान बना दिया, जब हम Exam देने बैठेंगे तो किताब अपने आप खुलेगी, हमे दिखाई देगा क्या लिखना है ।

पढ़ाई के लिए 3 Level की Reading जरुरी है । हरेक Subject का हरेक Chapter की 3 Reading जरुरी है ।

Subject को Chapter को समझना है । व्यवस्थित जीवन मे लाना है, तो 3 Reading जरुरी है ।

(1) Class मे जाने से पहेले हमे वो Chapter पढ़ लेना है, जो हमे Teacher पढ़ानेवाले है । पढ़ते समय जो जो दिक्कते हो, जो समझ मे नही आया है उसे Note करके रखना है ।

पहेले से तैयार होकर Class मे जाना है ।

जब Teacher पढ़ायेंगे तो जो भी हमने Note किया है, जो भी दिक्कते है वो सारी शंका Doubts हमें उनसे पूछकर समाप्त करना है ।

(2) Homework - Conceptual for learning

जो Chapter सिखाया था, उसका घर जाकर अभ्यास करना है । वो Chapter कहेना क्या चाहता है, उसके Main Points क्या है ? वो लिखने है । और हर Chapter की Summary main points में बनानी है ।

हमें Life का Timetable बनाना है । Life की Requirement के मुताबिक Timetable बनाना है ।

